SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय
सुबह 6:59 बजे
सूर्यास्त
शाम 6:15 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-169 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • सोमवार 23 फरवरी 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल


# आखिरी गेंद तक रोमांच कायम, समर न्यूज़ स्पार्टन्स ने एडवोकेट्स ऑल राउंडर्स को एक विकेट से हराया




▪ एडवोकेट्स टीम के हेमंत ने हैट्रिक के साथ मैच में पांच विकेट झटके

समर न्यूज़ | लुधियाना

पीएयू स्टेडियम में रविवार को खेला गया समर टी20 कप राउंड वन का तीसरा मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए यादगार रहा। समर न्यूज़ स्पार्टन्स और एडवोकेट्स ऑल राउंडर्स के बीच हुआ यह मुकाबला रोमांच, संघर्ष, उतार-चढ़ाव और खेल भावना से भरपूर रहा। आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर जाकर मैच का फैसला हुआ, जिसमें समर न्यूज़ स्पार्टन्स की ओर से तपिन मल्होत्रा ने एक रन चुराकर टीम को 1 विकेट से शानदार जीत दिलाई। कप्तान अर्शदीप सिंह समर ने टॉस जीतकर समर न्यूज़ स्पार्टन्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कप्तान अर्शदीप सिंह समर का यह निर्णय शुरुआती तौर पर जोखिम भरा लगा, लेकिन बाद में यही फैसला मैच को रोमांचक मोड़ तक ले गया। एडवोकेट्स ऑल राउंडर्स के बल्लेबाजों ने आक्रामक शुरुआत करते हुए पहले 6 ओवर में 50 रन बना लिए।

**एडवोकेट्स ऑल राउंडर्स की पारी:-** एडवोकेट्स ऑल राउंडर्स की शुरुआत हालांकि स्थिर नहीं रही। कप्तान वरिंदर प्रिंस महज 3 रन बनाकर लवजोत सिंह की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद ईशु ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 13 गेंदों पर 23 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके और 1 छक्का शामिल रहा, जिससे टीम को शुरुआती झटकों से उबरने में मदद मिली।

जतिन ने 17 गेंदों पर 18 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन वह बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। मध्यक्रम की जिम्मेदारी राघव रैना ने संभाली। रैना ने बेहद संयम के साथ 34 गेंदों पर 35 रन बनाए, जिसमें 4 चौके शामिल थे। दबाव की स्थिति में खेली गई यह पारी टीम के लिए बेहद अहम रही।



मध्यक्रम में एडवोकेट गुरप्रीत सिंह ग्रेवाल बिना खाता खोले आउट हो गए, जिससे दबाव और बढ़ गया। एडवोकेट जसप्रीत सिंह ने 13 गेंदों पर 6 रन बनाए, जबकि संदीप शुक्ला ने तेजतर्रार अंदाज में 8 गेंदों पर 14 रन ठोके, जिसमें 1 चौका और 1 छक्का शामिल था।

**मैच का टर्निंग पॉइंट:-** मैच का सबसे अहम पल 7वें विकेट की साझेदारी के दौरान आया, जब एडवोकेट मनीष गर्ग और राघव रैना ने 36 गेंदों में 53 रन जोड़ दिए। इस साझेदारी ने टीम को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया। मनीष गर्ग ने 21 गेंदों पर नाबाद 26 रन बनाए, जिसमें 1 चौका और 2 छक्के शामिल थे।

अंतिम ओवरों में विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा और एडवोकेट्स ऑल राउंडर्स की टीम 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 151 रन पर सिमट गई। टीम को कुल 23 अतिरिक्त रन मिले, जिनमें 17 वाइड और पेनल्टी/बोनस के 5 रन शामिल थे, जो बाद में मैच में निर्णायक साबित हुए।

**लक्ष्य का पीछा:-** समर न्यूज़ स्पार्टन्स की पारी शुरू हुई। लक्ष्य आसान नहीं था और शुरुआत भी संभली हुई रही। सुनील (विकेटकीपर) ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए 28 गेंदों पर 29 रन बनाए, जिसमें 4 चौके शामिल थे। उनके साथ चिंटू चोपड़ा ने 19 गेंदों पर 14 रन जोड़े, लेकिन वह एलबीडब्ल्यू होकर आउट हो गए।

इसके बाद मनिंदर ने 21 गेंदों पर 26 रन बनाकर पारी को गति दी। उनकी पारी में 5 चौके शामिल थे। भट्टी ने 11 गेंदों पर 10 रन बनाए, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से मुकाबला पूरी तरह संतुलन में बना रहा। 8 ओवर में स्कोर 51 रन और 14.1 ओवर में 103 रन था।

**आक्रामक बल्लेबाजी और बढ़ता दबाव:-**मैच का रुख उस समय बदला, जब लवजोत सिंह ने अपना ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने मात्र 10 गेंदों पर 21 रन बनाए, जिसमें 2 शानदार छक्के शामिल थे। 210 की स्ट्राइक रेट से खेली गई यह पारी मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। इसके बाद जस्सी ने 12 गेंदों पर 15 रन बनाकर अहम योगदान दिया। जैसे-जैसे मैच आखिरी ओवरों की ओर बढ़ा, स्टेडियम में तनाव बढ़ता गया। 19.1 ओवर में समर न्यूज़ स्पार्टन्स ने 150 रन पूरे कर लिए, लेकिन तब तक 8 विकेट गिर चुके थे। हेमंत ने इस दौरान अपनी हैट्रिक भी पूरी की। उन्होंने इस मैच में कुल पांच विकेट लिए।

**आखिरी ओवर का रोमांच:-** आखिरी ओवर में जीत के लिए जरूरी रन बनाने का दबाव चरम पर था। कप्तान समर ने नेतृत्व की मिसाल पेश करते हुए 8 गेंदों पर नाबाद 13 रन बनाए। उनके साथ तपिन ने 1 रन बनाकर टीम को विजय दिलाई। 19.5 ओवर में समर न्यूज़ स्पार्टन्स ने 9 विकेट खोकर 152 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## असम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने भाजपा जॉइन की

### ▪ अमित शाह और हिमंता की मौजूदगी में भूपेन भाजपा से जुड़े

समर न्यूज़ | गुवाहाटी

असम में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कॉन्ग्रेस पार्टी के लिए बड़ा झटका है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। उन्होंने गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम में बीजेपी की सदस्यता ली। इस दौरान बीजेपी अध्यक्ष दिलीप सैकिया और सांसद बैजयंत पांडा भी मौजूद रहे। बोरा ने बीजेपी में शामिल होने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने उन्हें अमित शाह से मिलने के लिए कहा था।

इस बैठक के बाद बोरा ने पत्रकारों को बताया कि 8 मार्च तक करीब 50 प्रतिशत ऐसे कॉन्ग्रेस सदस्य जो आत्मसम्मान और राज्य के प्रति 'राष्ट्रवादी' भावना रखते हैं, बीजेपी में शामिल हो जाएंगे।

भूपेन कुमार बोरा के बीजेपी में शामिल होने पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि भूपेन कुमार बोरा ने कॉन्ग्रेस पार्टी में काफी योगदान दिया है। उन्होंने 33 साल तक कॉन्ग्रेस में काम किया। अब आज से वह अपनी नई राजनीतिक यात्रा शुरू कर रहे हैं। मैं उन्हें नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ।

भूपेन बोरा ने सोमवार, 15 फरवरी को कॉन्ग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। हालाँकि, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनसे बात की और अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा, लेकिन अगले दिन मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा उनके घर पहुँचे और घोषणा की कि बोरा रविवार को बीजेपी में शामिल होंगे।

भूपेन बोरा असम में जन्मे हैं और उन्होंने छात्र राजनीति से राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। युवावस्था में ही वे कॉन्ग्रेस से जुड़े और धीरे-धीरे संगठन में अहम भूमिका निभाई। वे असम विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं और 2021 से 2025 तक असम प्रदेश कॉन्ग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे हैं।

## गुरुग्राम में लिव-इन पार्टनर के प्राइवेट पार्ट पर सेनिटाइजर छिड़क लगाई आग, आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी | गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। त्रिपुरा की बीएससी बायोटेक की छात्रा के साथ उसके लिव-इन पार्टनर ने न सिर्फ मारपीट की बल्कि उसके प्राइवेट पार्ट्स पर सेनिटाइजर छिड़क कर आग लगा दी। पीड़िता का दिल्ली के सफदरगंज हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। छात्रा गुरुग्राम में बीएससी बायोटेक के सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान सोशल मीडिया के जरिए उसकी पहचान दिल्ली के नरेला निवासी शिवम नाम के युवक से हुई। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और रिश्ता लिव-इन तक पहुँच गया। आरोप है कि युवक उसे शादी का झाँसा देकर जबरन उससे संबंध बना रहा था। अचानक उसे युवती पर शक होने लगा, जिसके बाद उसने उसे अपने पास बुलाकर कई दिनों तक बंधक बनाकर मारपीट करता रहा। एफआईआर के अनुसार आरोपी ने स्टील की बोतल और लोहे की रॉड से हमला किया, सिर दीवार पर पटका और चाकू से भी वार किए। इतना ही नहीं युवक पर छात्रा के निजी अंगों को सेनिटाइजर से जलाने का भी गंभीर आरोप है। पीड़िता की हालत बिगड़ने पर पहले उसे गुरुग्राम के अस्पताल ले जाया गया, फिर दिल्ली रेफर किया गया। पीड़िता की माँ ने प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से न्याय की गुहार लगाई है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हादसे में 5 पुलिस कर्मियों की मौत

**ओडिशा|** ओडिशा के झारसुगुड़ा में पुलिस की बोलेरो को तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो सवार 5 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। 3 गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा रविवार सुबह 4 बजे झारसुगुड़ा सदर पुलिस स्टेशन के पास हुआ। पुलिसकर्मी गश्त पर निकले थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस बोलेरो गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इसके कारण घायल पुलिसकर्मी उसी में फंस गए थे। पुलिस ने बताया कि जिनकी मौत हुई है, उनमें कॉन्स्टेबल काशीराम भोई, देबदत्त सा, निरंजन कुजूर, हवलदार लिंगराज धुरुआ और होमगार्ड जवान भक्तबंधु मिर्धा शामिल हैं।

### पाक की अफगान सीमा में एयरस्ट्राइक

**हैदराबाद|** पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था। पाकिस्तान ने कहा, 'हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए।' अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया।

### नाव से 5 करोड़ की सिगरेट जब्त

**दिल्ली|** भारतीय तटरक्षक बल ने एक बड़े समुद्री अभियान के तहत गुजरात के पोरबंदर के पास एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोककर जांच की। इस नाव पर ईरानी चालक दल सवार था और इसमें तस्करी कर लाई जा रही विदेशी ब्रांड की बड़ी मात्रा में सिगरेट बरामद की गई। सिगरेट की बाजार कीमत 5 करोड़ के आसपास आंकी गई है। यह कार्रवाई कुछ दिन पहले हुए एक अन्य बड़े समुद्री अभियान के बाद हुई है। 17 फरवरी की रात भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड के साथ मिलकर खुफिया सूचना के आधार पर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया था। नाव को आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया गया है।

## किश्तवाड़ में आतंकियों को घेरा पाक जैश मुखिया समेत 2 ढेर

समर न्यूज़ | किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चटरू इलाके के दूरदराज जंगलों में रविवार को सुरक्षाबलों ने आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान दो आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

सेना की आतंकवादियों से यह मुठभेड़ रविवार सुबह करीब 10:30 बजे चटरू बेल्ट के पासेरकुट क्षेत्र में शुरू हुई, जब विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर भारतीय सेना, जम्मू और कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) की संयुक्त टीमों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। खुफिया जानकारी में प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो पाकिस्तानी आतंकियों की मौजूदगी की सूचना थी।

सुरक्षाबलों के आतंकियों से संपर्क स्थापित होते ही दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। दोनों आतंकी मारे जा चुके है। रिपोर्ट्स के अनुसार, मारा गया आतंकी जैश-ए-मोहम्मद का मुखिया बताया जा रहा है। हालाँकि उसकी आधिकारिक पहचान, शव की बरामदगी और हथियार-गोलाबारूद से जुड़ी विस्तृत जानकारी अभी सामने आना बाकी है, क्योंकि घने जंगल और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में ऑपरेशन जारी है। इस बीच, सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि पासेरकुट, किश्तवाड़ क्षेत्र में आतंकियों से संपर्क स्थापित हुआ है, इलाके को घेर लिया गया है और मुठभेड़ जारी है।

## टैरिफ बदलाव से ITA बैठक टली

**नई दिल्ली|** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते (ITA) को लेकर होने वाली अहम बैठक टाल दी गई है। यह बैठक 23 से 26 फरवरी के बीच वॉशिंगटन में प्रस्तावित थी, लेकिन अमेरिकी टैरिफ नीति में अचानक हुए बदलावों के कारण दोनों पक्षों ने इसे स्थगित करने का फैसला लिया है। दरअसल, भारत-अमेरिका ITA के तहत भारतीय उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाया जाने वाला टैरिफ 25% से घटाकर 18% करने पर सहमति बनी थी। इसी बीच शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सभी वैश्विक टैरिफ को रद्द कर दिया। इसके तुरंत बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले दुनियाभर के देशों पर 10% वैश्विक टैरिफ लागू किया और फिर 24 घंटे के भीतर इसे बढ़ाकर 15% कर दिया।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

**पेज 1 एंकर स्टोरी** | PM मोदी ने किया मेरठ मेट्रो और रैपिड रेल का लोकार्पण

# कांग्रेस को घेरा, समिट में नंगों ने देश को किया बदनाम

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मेरठ में दिल्ली-मेरठ नमो भारत रैपिड रेल के पूरे 82 किलोमीटर लंबे फुल स्ट्रेच का भव्य उद्घाटन किया। मेरठ मेट्रो को भी हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री खुद ट्रेन में सवार होकर शताब्दी नगर से मेरठ साउथ स्टेशन तक सफर किया और वहाँ स्कूली बच्चों तथा दिव्यांग बच्चों से गर्मजोशी से बातचीत की। इस पूरे कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके साथ पूरी तरह मौजूद रहे।

उद्घाटन के बाद मेरठ साउथ स्टेशन पर विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्य फोकस कॉन्ग्रेस पर रखते हुए तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की कनेक्टिविटी कैसे होगी इसका शानदार उदाहरण मेरठ मेट्रो और नमो भारत का एक साथ संचालन है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कॉन्ग्रेस को घेरते हुए कहा कि कॉन्ग्रेस की कार्यशैली और भाजपा की कार्यशैली में जमीन-आसमान का अंतर है।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, "नमो भारत और मेरठ मेट्रो के एक साथ लोकार्पण में भाजपा की कार्यशैली की झलक है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कॉन्ग्रेस पर आरोप लगाया कि कॉन्ग्रेस के राज में परियोजनाएँ फाइलों में गुम हो जाती थीं।

पीएम मोदी ने कॉन्ग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कहा कि आज भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है। यूपी में मेरठ समेत कई शहरों में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। लेकिन कॉन्ग्रेस-सपा के राज में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट फाइलों में ही गुम जाते थे।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कॉन्ग्रेस को सबसे ज्यादा घेरा। उन्होंने हाल के दिल्ली एआई समिट का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया भर के नेता और तकनीकी कंपनियाँ दिल्ली के एआई सम्मेलन में जुटीं। यह भारत का गौरव का पल था लेकिन कॉन्ग्रेस ने इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कॉन्ग्रेस के नेता कपड़े उतार कर पहुंच गए।

पीएम मोदी ने कॉन्ग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए पूछा, "मैं कॉन्ग्रेस वालों से पूछता हूँ कि सारा देश जानता है कि आप नंगे हो फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्या पड़ी? यह दर्शाता है कि कॉन्ग्रेस पूरी तरह वैचारिक रूप से दिवालिया हो चुकी है।" उन्होंने कहा कि कॉन्ग्रेस को भारत की सफलता पच नहीं रही है। कॉन्ग्रेस ने देश के एक वैश्विक आयोजन को अपनी राजनीति का मैदान बना दिया जिससे पूरी दुनिया में भारत की छवि खराब हुई।

कॉन्ग्रेस को याद रखना चाहिए था कि एआई सम्मेलन भाजपा का कार्यक्रम नहीं था। यह देश का कार्यक्रम था फिर भी कॉन्ग्रेस ने सारी मर्यादाएँ तोड़ दीं। अब पूरे देश में लोग कॉन्ग्रेस पर थू-थू कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कॉन्ग्रेस के लोग देश की बेईज्जती करने वालों का जयकारा कर रहे हैं।




# हेरोइन तस्करी में आर्मी जवान समेत 6 गिरफ्तार

## 30 हजार ड्रग मनी, एक पिस्टल और 3 जिंदा कारतूस बरामद

समर न्यूज | मोगा





पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान-समर्थित अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करते हुए सेना के एक जवान और बर्खास्त पुलिसकर्मी समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 4.8 किलो हेरोइन, एक .30 बोर पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस और 30 हजार रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। यह जानकारी पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई दो महीने तक चली जेल-आधारित इंटरसेप्शन और खुफिया इनपुट पर आधारित एक सुनियोजित ऑपरेशन का नतीजा है, जिससे इस गहरे नेटवर्क का खुलासा हुआ।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लुधियाना निवासी जरनैल सिंह उर्फ गोल्डी (भारतीय सेना में सेवारत), अमरदीप सिंह उर्फ बॉक्सर (बर्खास्त पीएपी कर्मी) और डिंपल रानी (फिरोजपुर), तथा मोगा निवासी रामनदीप कौर, सरबजीत सिंह उर्फ सब्बा और अमृतपाल सिंह उर्फ अभिजोत के रूप में हुई है। पुलिस ने नशा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही थार और एक्सयूवी-500 गाड़ियों को भी जब्त किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सीधे तौर पर पाकिस्तान में बैठे तस्करों के संपर्क में थे। ये हैंडलर ड्रोन के जरिए सीमा पार से हेरोइन की खेप भारत में भेज रहे थे। मामले में आगे और पीछे के लिंक की गहराई से जांच जारी है।

फरीदकोट की एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन ने ऑपरेशन का विवरण साझा करते हुए बताया कि 20 और 21 फरवरी की दरम्यानी रात सीआईए स्टाफ की टीम ने ग्रीन एवेन्यू के पास एक थार गाड़ी को रोका। तलाशी के दौरान 1.008 किलो हेरोइन और ड्रग मनी बरामद हुई, जिसके बाद चार आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि यह खेप अमरदीप सिंह उर्फ बॉक्सर द्वारा एक्सयूवी-500 गाड़ी में सप्लाई की गई थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गांव गोलेआना सेमनाला के पास बॉक्सर और उसकी साथी डिंपल रानी को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 3.796 किलो हेरोइन और .30 बोर पिस्तौल बरामद की गई। एसएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी बॉक्सर के खिलाफ पहले से नौ आपराधिक मामले दर्ज हैं। अन्य आरोपियों का भी एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत आपराधिक रिकॉर्ड है। सेना के सेवारत जवान और बर्खास्त पुलिसकर्मी की संलिप्तता इस नेटवर्क की गंभीरता को दर्शाती है। आरोपी नाकों और टोल प्लाजा से आसानी से निकलने के लिए अपने आधिकारिक पहचान पत्रों का दुरुपयोग करते थे। इस मामले में थाना सिटी फरीदकोट में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21(सी) और 27ए के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# तीन विधानसभा सीटों पर प्रभारी नियुक्त

जगदीश। नवांशहर
समर न्यूज

पंजाब में भाजपा में प्रस्तावित केंद्रीय होम मिनिस्टर अमित शाह की रैली की सफलता के लिए पंजाब की 117 सीट पर प्रभारी लगा दिए हैं।।कमजोर जिलों में पार्टी की मजबूती को संघ के साथ तालमेल रखने वाले पार्टी के कर्मठ नेताओं को प्रभारी बनाया है। जिला नवांशहर में 3 विस सीट है । 2 सीट जनरल था एक बंगा सीट रिजर्व है ।

बलाचौर सीट पर जिला प्रधान राजविंदर सिंह लक्की तथा नवांशहर में तेजिंदर सिंह सारण तथा बंगा में। सुखविंदर सिंह गोल्डी को जिम्मेवारी सौंपी गई है ।अब देखना है कि लगभग आठ लाख वोट रखने वाले जिले में पार्टी किस करवट बैठती है ।

# कोटड़ में सड़क हादसे में 11 श्रद्धालु घायल

## हादसे में तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं

समर न्यूज | मानसा



मानसा-पटियाला रोड पर देर रात एक सड़क हादसे में 11 श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे में तीन गाड़ियाँ आपस में टकरा गईं। सूचना पर पहुँची पुलिस और लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुँचाया। इसमें से तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया।

यह हादसा गाँव कोटड़ा के पास हुआ। सभी घायल मानसा शहर के निवासी हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जाँच की जा रही है। घायलों को मानसा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी दो गाड़ियों में सवार किसी को भी चोट नहीं आई है।

मानसा के रहने वाले श्रद्धालु पटियाला स्थित काली माता मंदिर जा रहे थे। मानसा-पटियाला रोड पर गाँव कोटड़ा के पास पिकअप ओवरटेक कर रही थी। इस दौरान स्विफ्ट कार के साथ टकरा गई। बाद में ट्रक के साथ पिकअप डाला टकरा गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पंजाब सरकार की सड़क सुरक्षा फोर्स मौके पर पहुँची।

फोर्स ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी 11 घायल श्रद्धालुओं को दो एंबुलेंस की मदद से मानसा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। इसमें घायलों में से हरप्रीत कौर, प्रिंस और गुरप्रीत सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए अन्य अस्पताल रेफर किया गया है।

सड़क सुरक्षा फोर्स के कर्मचारी सुखविंदर सिंह ने बताया कि दुर्घटना में शामिल अन्य दो गाड़ियों में सवार लोगों को कोई चोट नहीं आई और वे सुरक्षित हैं। मानसा के डीएसपी बूटा सिंह ने बताया कि भीखी पुलिस ने इस सड़क हादसे की जाँच शुरू कर दी है। जाँच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 72 घंटे के नोटिस पर ज्ञानी रघबीर सिंह का पलटवार, SGPC को दी खुली चुनौती

समर न्यूज | अमृतसर



अमृतसर स्थित अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार और सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी रघबीर सिंह ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा जारी 72 घंटे के नोटिस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पहले उनके उठाए गए सवालों का तथ्यात्मक जवाब दिया जाए, अन्यथा सभी प्रमाण संगत के सामने सार्वजनिक किए जाएंगे। ज्ञानी रघबीर सिंह ने बताया कि 18 फरवरी को जालंधर के प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने एसजीपीसी के भीतर कथित भ्रष्टाचार, जमीनों की बिक्री में अनियमितता, लंगर की सूखी रोटियों की बिक्री और पंथक मामलों में पारदर्शिता की कमी जैसे मुद्दे उठाए थे। इसके अगले ही दिन, 19 फरवरी को एसजीपीसी की कार्यकारी बैठक में उन्हें नोटिस जारी कर दिया गया, जिसकी जानकारी उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से मिली, क्योंकि वे उस समय पंजाब से बाहर थे। उन्होंने कहा कि जब संस्था के भीतर अनियमितताओं को लेकर स्वयं एसजीपीसी प्रधान संगत से माफी मांग चुके हैं, तब सवाल उठाने वालों को नोटिस देना न्यायसंगत नहीं है। ज्ञानी रघबीर सिंह ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार उजागर करना पंथक जिम्मेदारी है और उनके पास हर आरोप से जुड़े दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने 2 दिसंबर 2024 के अकाल तख्त हुक्मनामे का हवाला देते हुए जत्थेदार हटाने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 पावन स्वरूपों के गुम होने के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। इस घटनाक्रम ने पंथक हलकों में नई बहस छेड़ दी है।

# किडनैप हुए सिख व्यक्ति का मिला शव

## सीसीटीवी के आधार पर जांच में जुटी अमेरिकी पुलिस

समर न्यूज | चंडीगढ़



अमेरिका के ट्रेसी शहर के गुरुद्वारे से किडनैप हुए सिख व्यक्ति का आज शव मिला है। मौत किन कारणों से हुई, पुलिस इसकी जांच कर रही है। मृतक की पहचान अवतार सिंह (57) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से लुधियाना के रहने वाले हैं और कई साल से कैलिफोर्निया में परिवार सहित रह रहे हैं।

दमदमी टकसाल के प्रमुख बाबा हरनाम सिंह धुमा ने शनिवार शाम को अपने फेसबुक पेज पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि उनका शव मिल गया है। वह ट्रेसी स्थित गुरुद्वारा साहिब में रसोइए के रूप में सेवा करते थे और परिसर में ही रहते थे। परिवार ने सैन जोआक्विन काउंटी शेरिफ ऑफिस में उनके लापता होने की शिकायत दर्ज की थी। जिसके बाद पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिली थी, जिसमें सफेद रंग की एसयूवी और गहरे कपड़े पहने तीन व्यक्ति अवतार सिंह को जबरन ले जाते दिखाई दे रहे थे। 17 फरवरी को शाम 8:52 बजे लापता होने की सूचना मिलने पर टीम ने डब्ल्यू ग्रांट लाइन रोड के 16000 ब्लॉक पर जांच की। पुलिस ने अवतार सिंह और संदिग्ध एसयूवी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी कर लोगों से जानकारी देने की अपील की थी।

**अवतार सिंह को जबरन एक्सयूवी में बैठाया**

अमेरिकी पुलिस के अुनसार, एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया था, जिससे पता चला कि तीन अज्ञात लोगों ने अवतार सिंह को जबरन कार में बैठाया और उसके बाद वहां से चले गए। अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस द्वारा डाली गई अवतार सिंह की पोस्ट पर बड़ी संख्या में लोगों के कमेंट भी आए। लोग उनकी तरफ से गुरुद्वारा साहिब में की जाने वाली सेवा की प्रशंसा करते दिखे थे। वहीं कुछ लोगों ने ये भी बताया कि उनकी पत्नी ने तीन महीने पहले ही जुड़वा तीन बच्चे को जन्म दिया था।

# अमृतसर में सीमा पार हथियार तस्करी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

समर न्यूज | अमृतसर

पंजाब में अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सीमा पार से संचालित एक अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पांच अत्याधुनिक पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शेरा सिंह (26), निवासी गांव भिंडी नैन, और जगदीप सिंह उर्फ जूपा (21), निवासी गांव तोर, जिला अमृतसर के रूप में हुई है। बरामद हथियारों में एक .30 बोर PX5 स्टॉर्म, एक 9 एमएम ऑस्ट्रिया निर्मित ग्लॉक, दो .30 बोर चीन निर्मित नोरिन्को और एक .32 बोर पिस्तौल शामिल हैं। डीजीपी गौरव यादव के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए पाकिस्तान स्थित हथियार तस्करों के संपर्क में थे। ये आरोपी उनके निर्देशों पर हथियारों की खेप को आगे अपराधियों तक पहुंचाने का काम कर रहे थे। नेटवर्क की आगे और पीछे की कड़ियों की जांच की जा रही है।

ऑपरेशन की जानकारी देते हुए अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने सदा पिंड बाइपास रोड के पास कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो पिस्तौल बरामद की गईं, जबकि पूछताछ में उनकी निशानदेही पर तीन अन्य हथियार भी जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक रहते थे और ड्रोन के जरिए रात के समय खाली मैदानों में हथियारों की खेप मंगवाते थे। इस मामले में थाना कैंटोनमेंट, अमृतसर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट- 90% झुलसे युवक की मौत

एजेंसी | भिवाड़ी

खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी स्थित खुशखेड़ा में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। गंभीर रूप से झुलसे 18 वर्षीय अनूप सिंह ने रविवार तड़के करीब 3 बजे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अनूप सिंह करीब 90 प्रतिशत तक झुलस गया था और बीते कई दिनों से जीवन के लिए संघर्ष कर रहा था। यह हादसा 16 फरवरी को खुशखेड़ा–कारौली औद्योगिक क्षेत्र में हुआ था, जहां अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि मौके पर ही 7 मजदूर जिंदा जल गए थे, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद चार घायलों को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर किया गया था।

# पंजाब के मुख्य सचिव सिन्हा तख्त श्री पटना साहिब में हुए नतमस्त

## पंजाब की खुशहाली, आर्थिक उन्नति और आपसी भाईचारे के लिए की अरदास

दलजीत विक्की | पटना
समर न्यूज





पंजाब के मुख्य सचिव के ए पी सिन्हा ने तख्त श्री पटना साहिब नतमस्तक होकर गुरु महाराज का आर्शीवाद लिया और पंजाब की खुशहाली, आर्थिक उन्नती, तरक्की, पंजाबवासियों में आपसी भाईचारकर सांझ के लिए अरदास की। इस मौके पर तख्त पटना साहिब जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के द्वारा मुख्य सचिव के ए पी सिन्हा को सिरोपा भेंट किया। अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने मुख्य सचिव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानिन्त किया। उन्होंने तख्त पटना साहिब के प्रबन्ध की सराहना करते हुए कहा कि हर धार्मिक स्थल पर इसी प्रकार प्रबन्ध होना चाहिए।

जगजोत सिंह सोही ने बताया कि पंजाब के मुख्य सचिव के ए पी सिन्हा जो कि 1992 बैच के आई ए एस कैडर के अधिकारी हैं और उनके द्वारा पंजाब और पंजाबियत के लिए जिस प्रकार कार्य किया जा रहा है वह प्रशंसनीए है। उन्होंने बताया कि आज जब मुख्य सचिव तख्त पटना साहिब दर्शनों के लिए पहुंचे तो उन्होंने समुचे पंजाब में अमन शान्ति, तरक्की के लिए अरदास की। उन्होंने प्रबंधक कमेटी से अपील की कि पंजाब से आने वाले श्रधालुओं को और बेहतर सुविधाएं दी जाए ताकि जो श्रद्धालु हजारों मील का सफर तय कर तख्त साहिब दर्शनों के लिए आता है उसे किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह स्वयं रेल मंत्रालय से और अधिक ट्रेन पंजाब से तख्त साहिब के लिए चलाने की मांग करेंगे क्योंकि मौजूदा समय में एक दो ट्रेन ही पंजाब से यहां आती है जिसमें संगतों को बुकिंग के लिए काफी समय इन्तजार करना पड़ता है।

# मार्च में पंजाब सरकार पेश करेगी पांचवां जन-हितैषी बजट: सीएम

समर न्यूज | अहमदाबाद

अहमदाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि पंजाब सरकार मार्च महीने में अपना पांचवां लोक-पक्षीय बजट पेश करेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग की भलाई पर केंद्रित होगा और आम आदमी को सीधा लाभ देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अब तक नागरिक-केंद्रित फैसले लेकर राज्य की दिशा बदली है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि एनडीए सरकार के बजट अमीर-परस्त रहे हैं और गैर-भाजपा शासित राज्यों के साथ वित्तीय भेदभाव किया जा रहा है। मान ने बताया कि पंजाब में स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर ऐतिहासिक काम हुए हैं।

# फाजिल्का के स्कूल की छह महीनों में तैयार होगी नई इमारतः हरजोत बैंस

समर न्यूज | फाजिल्का



फाजिल्का के बस्ती हजूर में सरकारी प्राइमरी स्कूल की इमारत की खराब हालत का नोटिस आने के तुरंत बाद पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने इस स्कूल की इमारत के नए तौर से निर्माण करवाने के आदेश दिए है। शिक्षा मंत्री ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए और भरोसा दिया कि स्कूल की नई इमारत छह महीनों के अंदर पूरी हो जाएगी, जिसकी वह निजी तौर पर निगरानी करेंगे।

इस मामले का जिक्र करते हुए शिक्षा मंत्री स.हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि बस्ती हजूर में सरकारी स्कूल की खराब हालत के बारे में कल मेरे ध्यान में लाया गया। उन्होंने कहा कि मैंने अधिकारियों को इस संबंध में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दे दिए है और मैं स्वंय जाकर स्कूल की स्थिति का निरीक्षण करूंगा। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के पास अगले 6 महीनों के अंदर एक नई इमारत होगी और यह कोई राजनीतिक बयान नहीं; बल्कि मेरी निजी गारंटी है।

राज्य के स्कूली बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधारों के बारे में बात करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि पंजाब में लगभग 20,000 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें से ज्यादातर स्कूल हमें पिछली सरकारों की दशकों की लापरवाही के कारण पूरी तरह खस्ता हालत में विरासत में मिले।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने पिछले कुछ सालों में सैकड़ों ऐसे स्कूलों की सूरत बदल दी है और यह काम पूरे जोर-शोर से जारी है। उन्होंने कहा कि हम राज्य के सभी 20,000 स्कूलों की कायाकल्प करने के मिशन पर है और राज्य सरकार पूरी वचनबद्धता और पारदर्शिता के साथ इस लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ रही है।

शिक्षा सुधारों के प्रति अपनी वचनबद्धता को दोहराते हुए कैबिनेट मंत्री स.हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि यह सिर्फ बड़े दावों का नहीं, बल्कि जवाबदेही और निरंतर कार्रवाई का सफर है और शिक्षा मेरे लिए कोई राजनीति नहीं; बल्कि मेरा जुनून और जिम्मेदारी है।

# पुलिस चौकी में एएसआई और होमगार्ड की गोली लगने से मौत

समर न्यूज । गुरदासपुर

पंजाब के गुरदासपुर जिले में भारत–पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के बेहद नजदीक स्थित आदियां पुलिस चौकी में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब चौकी के अंदर एएसआई और होमगार्ड जवान की गोली लगने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान एएसआई गुरनाम सिंह और होमगार्ड जवान अशोक कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, एएसआई गुरनाम सिंह का शव कुर्सी पर, जबकि होमगार्ड जवान अशोक कुमार का शव चारपाई पर रजाई के अंदर मिला। दोनों की मौत का खुलासा तब हुआ, जब काफी देर तक उनका फोन नहीं उठा और ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। पुलिस को शुरुआती जांच में घटनास्थल से करीब चार खाली कारतूस मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि वारदात रात करीब एक बजे हुई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली किसने और किन परिस्थितियों में चलाई। इस बीच एक आतंकी संगठन की सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हुई है, जिसमें इस हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया है। हालांकि पुलिस ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है। गुरदासपुर के एसएसपी आदित्य ने बताया कि वायरल पोस्ट की जांच की जा रही है। सीमा के पास चौकी में हुई इस घटना के बाद बीएसएफ भी अलर्ट पर है और जांच सभी पहलुओं से की जा रही है।

आयोजन

## गवर्निंग काउंसिल शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और धार्मिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध : मजीठिया

# खालसा कॉलेज गवर्निंग काउंसिल के स्थापना दिवस पर धार्मिक समागम आयोजित

समर न्यूज | अमृतसर





खालसा कॉलेज गवर्निंग काउंसिल हमेशा से ही शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और धार्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध रही है। 22 फरवरी 1890 को स्थापित यह महान संस्था केवल एक शैक्षणिक संस्थान ही नहीं, बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जिसने पंजाब में आधुनिक शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन शब्दों का प्रकटावा आज खालसा यूनिवर्सिटी के चांसलर और काउंसिल के अध्यक्ष सत्यजीत सिंह मजीठिया ने कॉलेज परिसर स्थित गुरुद्वारा साहिब में खालसा कॉलेज चैरिटेबल सोसाइटी के 136वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक समागम के उपरांत किया। उन्होंने कहा कि 136 वर्षों की यह यात्रा केवल ऐतिहासिक गौरव ही नहीं, बल्कि शिक्षा और आध्यात्मिकता के संगम का प्रतीक है। विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि उच्च आदर्शों और उत्तम चरित्र की प्रेरणा देना भी संस्था का उद्देश्य है। इससे पूर्व गुरुद्वारा साहिब में रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत श्री हरिमंदिर साहिब के हजूरी रागी भाई सर्वण सिंह ने गुरबाणी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। इसके बाद कथावाचकों ने गुरु साहिबानों की वाणी और उपदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सिख धर्म की महान परंपराओं और मानवता की भलाई के लिए सेवा के महत्व को उजागर किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर एवं काउंसिल के ऑनरेरी सचिव रजिंदर मोहन सिंह छीना ने गवर्निंग काउंसिल के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज से 136 वर्ष पूर्व, 22 फरवरी 1890 को 'खालसा कॉलेज स्थापना समिति' लाहौर अस्तित्व में आई थी, जिसके परिणामस्वरूप 'खालसा कॉलेज मिडल स्कूल' और 'खालसा कॉलेज' की स्थापना हुई। उन्होंने बताया कि इसी समिति ने बाद में 'खालसा कॉलेज सोसाइटी, अमृतसर' और समय के साथ 'खालसा कॉलेज चैरिटेबल सोसाइटी, अमृतसर' के रूप में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के अधीन चल रही संस्थाओं ने देश और विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और यहां से हजारों विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर सेवा देते हुए देश का नाम रोशन कर रहे हैं। साथ ही संस्था सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए विभिन्न सामाजिक और कल्याणकारी कार्य भी करती रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी रहेंगे ताकि नई पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कारों से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. महल सिंह तथा सिख इतिहासकार एवं खालसा कॉलेज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ. इंद्रजीत सिंह गोगोआणी ने संयुक्त रूप से कहा कि यह स्थापना दिवस यह सिद्ध करता है कि खालसा कॉलेज चैरिटेबल सोसाइटी शिक्षा, संस्कार और सेवा की प्रतीक संस्था है, जो आने वाली पीढ़ियों को उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करती रही है और करती रहेगी। इस मौके पर मजीठिया ने छीना, डॉ. महल सिंह और डॉ. गोगोआणी के साथ मिलकर भाई साहिब भाई गुरमेज को 'कौम दा मान' सम्मान पत्र से सम्मानित किया। इसके उपरांत मजीठिया और छीना सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गवर्निंग काउंसिल के अंडर सेक्रेटरी एवं लोक संपर्क विभाग के निदेशक धर्मेंद्र सिंह रटोल द्वारा लिखित अंग्रेज़ी पुस्तक 'हिस्ट्री ऑफ खालसा कॉलेज गवर्निंग काउंसिल (1890 से 2026)' का लोकार्पण किया।

# AI के लापरवाह इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

## फर्जी फैसलों और मनगढ़ंत उद्धरणों का हवाला देने पर जताई नाराजगी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने अदालती कामकाज और याचिकाओं की तैयारी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते और लापरवाह इस्तेमाल पर गहरी चिंता व्यक्त की है। हाल के दिनों में अदालत के समक्ष ऐसे कई मामले आए, जिनमें वकीलों ने एआई टूल्स की मदद से याचिकाएं तैयार करते हुए ऐसे फैसलों और उद्धरणों का हवाला दे दिया, जिनका वास्तविक अस्तित्व ही नहीं था। शीर्ष अदालत ने इस तरह की फर्जी और भ्रामक जानकारी पर सख्त ऐतराज जताया है।

यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने हिमंता बिस्वा से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान की। पीठ ने कहा कि कुछ वकील बिना तथ्य जांच और सत्यापन के आंख मूंदकर एआई टूल्स का उपयोग कर रहे हैं, जिससे अदालत में गलत और भ्रामक जानकारी पेश हो रही है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह प्रवृत्ति न्याय प्रक्रिया के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

### दया बनाम मानवता नाम से पेश किया काल्पनिक फैसला

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने एक चौंकाने वाला उदाहरण देते हुए बताया कि अदालत में 'दया बनाम मानवता' नामक एक ऐसे फैसले का हवाला दिया गया, जिसका कानूनी इतिहास में कोई अस्तित्व ही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार वास्तविक मामलों का संदर्भ दिया जाता है, लेकिन जिन अंशों या पैराग्राफ का उल्लेख किया जाता है, वे मूल निर्णय में होते ही नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि ऐसा ही एक मामला न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अदालत में भी सामने आया था, जहां पूर्व उदाहरण पूरी तरह मनगढ़ंत पाए गए।

### एआई समिट के बीच चेतावनी

सुप्रीम कोर्ट की यह सख्त टिप्पणी ऐसे समय आई है जब देश में एक अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलन आयोजित हो रहा है। अदालत ने एआई के दुरुपयोग को लेकर पूरे कानूनी समुदाय को सतर्क किया है। साथ ही स्पष्ट किया है कि न्यायपालिका में एआई के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए जल्द ही सभी उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री को विस्तृत प्रशासनिक निर्देश जारी किए जाएंगे। अदालत ने वकीलों को हिदायत दी है कि तकनीक कानूनी अनुसंधान में सहायक हो सकती है, लेकिन अदालत में प्रस्तुत दस्तावेजों की प्रामाणिकता की अंतिम जिम्मेदारी पूरी तरह से संबंधित वकील की ही होगी।

# विदेश मंत्रालय ने कई वैश्विक मुद्दों पर भारत का रुख किया स्पष्ट

## रूस-वेनेजुएला से तेल खरीद, ईरान-अमेरिका तनाव और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर विस्तृत बयान

समर न्यूज़ | नई दिल्ली




विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक साथ कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने रूस और वेनेजुएला से तेल खरीद, ईरान-अमेरिका के बीच जारी तनाव और वहां रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। साथ ही भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने तथा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' कार्यक्रम में भारत की भागीदारी पर भी जानकारी दी।

रूस और वेनेजुएला से तेल खरीद को लेकर भारत का रुख दोहराते हुए प्रवक्ता ने कहा कि इस विषय पर भारत अपनी नीति पहले ही स्पष्ट कर चुका है। उन्होंने बताया कि वेनेजुएला से तेल तभी खरीदा जाएगा जब यह पूरी तरह व्यावसायिक रूप से लाभकारी होगा। कीमत, गुणवत्ता और परिवहन व्यवस्था अनुकूल होने पर ही निर्णय लिया जाएगा। रूस से तेल आयात के संबंध में भी उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा नीति देश की आवश्यकताओं और सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। सभी फैसले राष्ट्रीय हित और आर्थिक लाभ को ध्यान में रखकर किए जाते हैं।

### पाकिस्तान और अफगानिस्तान पर भी टिप्पणी

प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत की मुख्य समस्या सीमा पार आतंकवाद है और इस पर नई दिल्ली की चिंता लंबे समय से कायम है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अफगानिस्तान के साथ भारत के संबंध पूर्ववत बने हुए हैं।

### ईरान-अमेरिका तनाव पर सतर्क नजर

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा, द्विपक्षीय संबंधों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। भारत लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और वहां रह रहे भारतीय समुदाय से संपर्क में है, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विदेश मंत्रालय ने बताया कि वॉशिंगटन डीसी में आयोजित बोर्ड ऑफ पीस की बैठक में भारत ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया। भारत ने गाजा शांति योजना का स्वागत किया है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2803 के तहत जारी प्रयासों का समर्थन भी किया है।

### वेस्ट बैंक और व्यापार समझौते पर स्थिति

वेस्ट बैंक में इजरायल के विस्तार से जुड़े हालिया संयुक्त बयान को लेकर प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि वह सर्वसम्मति से तैयार दस्तावेज नहीं था। इस विषय पर भारत ने अपनी स्थिति भारत-अरब लीग मंत्रिस्तरीय बैठक के संयुक्त बयान में व्यक्त की थी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि भारत और अमेरिका पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहे हैं। साझा बयान के अनुसार, भारत की ओर से मुख्य वार्ताकार के नेतृत्व में एक टीम अगले सप्ताह अमेरिका दौरे पर जाएगी।

# राष्ट्रीय मिलिट्री कॉलेज में प्रवेश शुरू

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज देहरादून द्वारा जनवरी 2027 टर्म में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। लिखित प्रवेश परीक्षा 7 जून को लाला लाजपत राय भवन, चंडीगढ़ में होगी। प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का जन्म 2 जनवरी, 2014 से पहले तथा 1 जुलाई, 2015 के बाद नहीं होना चाहिए और वे या तो 7वीं कक्षा में अध्ययनरत हों या किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से 7वीं कक्षा उत्तीर्ण की हो। चयनित उम्मीदवारों को 8वीं कक्षा में प्रवेश मिलेगा। लिखित परीक्षा में 3 प्रश्नपत्र अंग्रेज़ी, गणित और सामान्य ज्ञान होंगे। अधिक जानकारी www.rimc.edu.in से निर्धारित शुल्क 600 रुपये (सामान्य श्रेणी के लिए) तथा 555 रुपये (एस.सी./एस.टी. के लिए) जमा करवाकर ऑनलाइन प्राप्त की जा सकती है।

## यूजीसी का खुलासा : देशभर में 32 फर्जी विश्वविद्यालयों की पहचान

# दाखिले से पहले हो जाएं सावधान

समर न्यूज़ | नई दिल्ली




उच्च शिक्षा के जरिए उज्ज्वल भविष्य का सपना देखने वाले छात्रों और अभिभावकों के लिए यह बेहद अहम खबर है। यदि आप किसी नए संस्थान में प्रवेश लेने की तैयारी कर रहे हैं, तो सतर्क रहना जरूरी है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर में शिक्षा के नाम पर संचालित हो रहे 32 फर्जी विश्वविद्यालयों की पहचान की है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इन अवैध संस्थानों द्वारा दी जाने वाली कोई भी डिग्री सरकारी या निजी नौकरी के लिए मान्य नहीं होगी और न ही आगे की पढ़ाई के लिए स्वीकार की जाएगी।

यूजीसी के हालिया आंकड़ों ने उच्च शिक्षा व्यवस्था की निगरानी पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। चिंताजनक तथ्य यह है कि पिछले दो वर्षों में गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों की संख्या 20 से बढ़कर 32 हो गई है। इनमें सबसे अधिक 12 फर्जी विश्वविद्यालय राजधानी दिल्ली में सक्रिय पाए गए हैं।

इसके अतिरिक्त हरियाणा, राजस्थान, झारखंड और अरुणाचल प्रदेश के नाम भी इस सूची में शामिल हुए हैं। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी शिक्षा के नाम पर इस तरह की गतिविधियां जारी हैं।

### बेंगलुरु स्थित संस्थान पर विशेष चेतावनी

यूजीसी ने बेंगलुरु में संचालित ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी के संबंध में विशेष चेतावनी जारी की है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे संस्थान कम फीस, शीघ्र डिग्री और आसान पाठ्यक्रम का लालच देकर छात्रों को भ्रमित करते हैं। कई बार ये स्वयं को विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखा बताकर भी गुमराह करते हैं, जबकि उनके पास न योग्य शिक्षक होते हैं और न ही आवश्यक बुनियादी सुविधाएं। छात्रों और अभिभावकों को सलाह दी गई है कि किसी भी कॉलेज या विश्वविद्यालय में प्रवेश से पहले यूजीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर संस्थान की मान्यता अवश्य जांच लें। थोड़ी सी जागरूकता छात्रों को आर्थिक नुकसान और करियर की बर्बादी से बचा सकती है।

# रायबरेली में कुम्हार को 1 करोड़ से अधिक का जीएसटी नोटिस

समर न्यूज़ | लखनऊ



उत्तर प्रदेश के रायबरेली से कर विभाग की बड़ी लापरवाही या किसी संभावित साजिश का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां मिट्टी के बर्तन बनाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले एक गरीब कुम्हार को एक करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी वसूली नोटिस भेज दिया गया है। रघुवीरगंज बाजार निवासी मोहम्मद शहीद के घर जब यह सरकारी नोटिस पहुंचा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अनपढ़ होने के कारण शुरुआत में उन्हें नोटिस की गंभीरता समझ नहीं आई, लेकिन जब आसपास के लोगों ने उसमें दर्ज भारी रकम के बारे में बताया तो पूरा परिवार सदमे में आ गया।

मोहम्मद शहीद पीढ़ियों से मिट्टी के कुल्हड़ और खिलौने बनाने का पारंपरिक काम करते आ रहे हैं। उनके नाम केंद्रीय माल एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग ने डाक के माध्यम से पत्र भेजा गया। इस पत्र में 1 करोड़ 25 हजार 297 रुपये का टैक्स बकाया बताते हुए तत्काल जमा करने का निर्देश दिया गया है। पीड़ित का कहना है कि उनके नाम पर कभी कोई फर्म या कंपनी नहीं रही और न ही वह किसी व्यापारिक साझेदारी से जुड़े हैं। ऐसे में बिहार के हाजीपुर से करोड़ों रुपये का नोटिस भेजा जाना किसी बड़े फर्जीवाड़े की आशंका को जन्म देता है। भारी भरकम रकम के नोटिस से भयभीत मोहम्मद शहीद ने स्थानीय प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उनका आरोप है कि किसी जालसाज ने उनके पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल कर यह धोखाधड़ी की है, जिसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने प्रशासन से इस कथित फर्जी नोटिस को निरस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सहायता नहीं मिली तो वह अपना छोटा सा मकान और घर का सामान बेचकर भी इतनी बड़ी रकम अदा नहीं कर पाएंगे।

## Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना



आपका आज का दिन शांति, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा हो यही कामना है। नई सुबह नई उम्मीदें लेकर आती है और हर दिन हमें खुद को बेहतर बनाने का एक और अवसर देती है। बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़कर आज को पूरे विश्वास और मुस्कान के साथ अपनाइए। जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को महसूस करें, अपनों के साथ बिताया गया हर पल संजोएं और अपने लक्ष्य की ओर एक छोटा सा कदम जरूर बढ़ाएं। याद रखिए, सफलता एक दिन में नहीं मिलती, लेकिन हर दिन की मेहनत उसे करीब जरूर लाती है। आज अपने मन को शांत रखें, विचारों को सकारात्मक दिशा दें और अपने काम में पूरी ईमानदारी रखें। जो मिला है उसके लिए आभार जताइए और जो पाना है उसके लिए निरंतर प्रयास करते रहिए। ईश्वर करे आज आपके प्रयास सफल हों, स्वास्थ्य उत्तम रहे और चेहरे पर संतोष की मुस्कान बनी रहे। आपका दिन शुभ, सुखद और प्रेरणादायक हो। आपका दिन मंगलमय हो।

**रुचिका थापर**
**अध्यक्ष**
**ग्लोरियस लेडीज क्लब**

# अंतरराष्ट्रीय पाबंदी का असर: सऊदी बना भारत का नंबर-1 सप्लायर

## रूस से कम, सऊदी से ज्यादा, बदल रही है भारत की तेल रणनीति, फरवरी में रूसी तेल की आवक 10% घटी, अब बदल रही है रणनीति

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत की तेल रणनीति बदल रही है। अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों के चलते रूस से होने वाला तेल आयात कम हो गया है, जबकि सऊदी अरब फिर से भारत का नंबर-1 तेल सप्लायर बन गया है। फरवरी में रूसी तेल की आवक 10% घटी है, वहीं सऊदी अरब से सप्लाई 2019 के बाद अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। भारत की कच्चे तेल की खरीद अब एक नए दौर में प्रवेश करती दिख रही है। पिछले कुछ महीनों के आंकड़े बताते हैं कि भारत की आयात रणनीति में धीरे-धीरे बदलाव आ रहा है। जहां एक समय रूस भारत का सबसे बड़ा और तेजी से बढ़ता सप्लायर बन गया था, वहीं अब पश्चिम एशिया के देश, खासकर सऊदी अरब, दोबारा अपनी पकड़ मजबूत करते नजर आ रहे हैं।

हालांकि, रूसी तेल अब भी भारत के लिए अहम है, लेकिन भू-राजनीतिक हालात और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का असर साफ दिखाई दे रहा है। इसी वजह से रूस से आने वाली सप्लाई में कमी दर्ज की जा रही है। इस गिरावट की एक बड़ी वजह रूस पर लगे नए प्रतिबंध हैं। पिछले महीने प्रमुख रूसी निर्यातकों पर अमेरिकी प्रतिबंध लगाए गए और यूरोपीय संघ का 18वां प्रतिबंध पैकेज भी लागू हुआ। इन कदमों का सीधा असर रूस से होने वाली आपूर्ति पर पड़ा। जहाजों की आवाजाही के आंकड़े भी इसी बात की पुष्टि करते हैं। दिसंबर 2025 में भारत को रूस से 12.8 लाख बीपीडी तेल मिल रहा था, जो जनवरी में घटकर 12.2 लाख बीपीडी रह गया। फरवरी की शुरुआत में इसमें करीब 10 प्रतिशत और कमी आई और यह आंकड़ा 10.9 लाख बीपीडी तक आ गया।

**विशेषज्ञों का अनुमान, मार्च में और गिर सकती है सप्लाई**

वैश्विक जिंस डेटा एनालिस्ट कंपनी 'केपलर' के मुख्य शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया के मुताबिक, फरवरी में भारत का रूसी कच्चा तेल आयात लगभग 10 से 12 लाख बीपीडी रहने का अनुमान है। वहीं मार्च में यह घटकर 8 से 10 लाख बीपीडी तक आ सकता है।

उन्होंने साफ कहा कि यह गिरावट फिलहाल स्थायी ट्रेंड नहीं, बल्कि अल्पकालिक स्थिरता की तरह देखी जा रही है। हालांकि 2025 के मध्य में जो ऊंचे स्तर देखे गए थे, वहां वापसी की संभावना कम है। व्यावसायिक और नीतिगत बाधाओं के चलते 2026 में भारत के कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कम होकर एक स्थिर लेकिन निचले स्तर पर आ सकती है।

**अमेरिका, रूस और भारत: कूटनीति का संतुलन**

मौजूदा आकलन के मुताबिक, अमेरिका और भारत के बीच एक व्यावहारिक समझ बनी हुई है। इस समझ के तहत भारत अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए रूस से तेल आयात कर सकता है, लेकिन इसे बड़े पैमाने पर बढ़ाने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं है। यानी भारत संतुलन की नीति अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है, न पूरी तरह रूस पर निर्भर, न पूरी तरह दूरी।

**सऊदी अरब की वापसी**

जैसे-जैसे रूस से तेल की मात्रा कम हो रही है, पश्चिम एशिया के देश इस खाली जगह को भर रहे हैं। सऊदी अरब की सप्लाई में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है। सुमित रितोलिया के मुताबिक, फरवरी में सऊदी अरब से भारत को 10 से 11 लाख बीपीडी तेल मिलने की उम्मीद है। यह नवंबर 2019 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर हो सकता है। महीने की शुरुआत से अब तक सऊदी से आने वाला प्रवाह लगभग 14 लाख बीपीडी दर्ज किया गया है। हालांकि मार्च की शुरुआत में इसमें कुछ नरमी आ सकती है। मौजूदा रुझानों के आधार पर फरवरी में सऊदी अरब भारत का शीर्ष आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। उसके बाद रूस और फिर इराक का स्थान आता है।

### रूसी तेल के आयात में क्यों और कितनी गिरावट?

एक से 18 फरवरी के बीच रूस से भारत का कुल कच्चा तेल आयात घटकर औसतन 48.5 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रह गया। यह जनवरी के मुकाबले करीब 8 प्रतिशत कम है। जनवरी में यह आंकड़ा लगभग 5.25 लाख बीपीडी ज्यादा था।

**पेज 3 एंकर स्टोरी** आंख की पुतली और चेहरे की स्कैनिंग से मनरेगा श्रमिकों की ऑनलाइन हाजिरी होगी दर्ज

# एआई हाजिरी प्रणाली का बाराबंकी में हुआ सफल ट्रायल

समर न्यूज़ | लखनऊ



केंद्र सरकार ने श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नई प्रणाली का सफल परीक्षण उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में पूरा कर लिया है। 23 फरवरी से यह व्यवस्था देशभर में लागू की जाएगी, जिसके तहत कार्यस्थल पर श्रमिकों की आंख की पुतली और चेहरे की स्कैनिंग के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जाएगी। पायलट प्रोजेक्ट के तहत राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (एनएमएमएस) एप के नए संस्करण का परीक्षण केवल बाराबंकी में किया गया। इस प्रक्रिया में श्रमिकों को मोबाइल कैमरे के सामने खड़ा कर उनकी आंखों की पुतली और चेहरे की स्कैनिंग की गई। श्रमिक द्वारा चार से पांच बार पलक झपकाने पर एआई तकनीक स्वतः फोटो कैप्चर करती है और मस्टर रोल में दर्ज विवरण से मिलान कर उपस्थिति दर्ज कर लेती है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय की तकनीकी टीम ने पूरे ट्रायल की सीधी निगरानी की। 22 जनवरी 2026 से जिले की 1155 ग्राम पंचायतों में से 1053 में इस प्रणाली का परीक्षण किया गया। रोजगार सेवक और मेट के मोबाइल में एनएमएमएस एप अपलोड कर उन्हें आईडी और पासवर्ड जारी किए गए थे।

प्रतिदिन 23 से 24 हजार मनरेगा कार्यों में श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जा रही है। बाराबंकी में इस नई व्यवस्था का सफल प्रयोग किया गया और पूरी कार्यप्रणाली का वीडियो तथा तकनीकी इनपुट केंद्र सरकार को भेजा गया है। अब बाराबंकी इस पहल का रोल मॉडल बनेगा।

जिले की डिप्टी कमिश्नर ब्रजेश कुमारी त्रिपाठी ने बताया कि एआई आधारित उपस्थिति प्रणाली के पायलट प्रोजेक्ट के लिए बाराबंकी का चयन केंद्र सरकार द्वारा किया गया था। 22 जनवरी से सभी ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में कार्यस्थलों पर श्रमिकों की ऑनलाइन हाजिरी दर्ज की जा रही थी। अब ट्रायल पूरा हो चुका है और 23 फरवरी से इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा।

# श्रीनगर तक वंदे भारत चलाने की तैयारी अंतिम चरण में

समर न्यूज़ | जम्मू



जम्मू से श्रीनगर तक सीधे वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। वर्तमान में यह ट्रेन श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन से श्रीनगर के बीच संचालित हो रही है, लेकिन जल्द ही इसे जम्मू तक विस्तार दिए जाने की संभावना है। जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर चल रहा निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। प्लेटफॉर्म के विस्तार, यात्री सुविधाओं में सुधार और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के कारण सेवा शुरू होने में विलंब हुआ था। अब सभी आवश्यक कार्य अंतिम चरण में हैं और ट्रेन सेवा शीघ्र शुरू की जा सकती है।

- **आधुनिक सुविधाओं से लैस है वंदे भारत** – वंदे भारत देश की आधुनिक अर्ध-उच्च गति वाली ट्रेनों में शामिल है। इसमें आरामदायक सीटें, वातानुकूलित कोच, इंटरनेट सुविधा, उन्नत खानपान व्यवस्था और बेहतर सुरक्षा प्रबंध उपलब्ध हैं। कटरा से श्रीनगर का सफर लगभग तीन घंटे से कुछ अधिक समय में पूरा हो जाता है, जबकि सड़क मार्ग से यही दूरी तय करने में छह से सात घंटे या उससे अधिक समय लग सकता है।
- **पर्यटन और स्थानीय लोगों को मिलेगा लाभ** – अगले सप्ताह या उससे पहले भी सेवा शुरू की जा सकती है। इससे स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को बड़ी राहत मिलेगी। कश्मीर घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से इस सेवा का विस्तार महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कटरा-श्रीनगर मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन की मांग लगातार बढ़ रही है। सर्दियों में बर्फबारी के दौरान भी ट्रेन का संचालन जारी रहा, जिसकी यात्रियों ने सराहना की। बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे कोचों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहा है। फिलहाल ट्रेन में आठ कोच हैं, जिन्हें भविष्य में बढ़ाकर बीस तक किया जा सकता है, ताकि अधिक यात्रियों को सुविधा मिल सके।

# तिजोरी काट 10 लाख कैश और जेवर चोरी:शादी में गया था परिवार, लौटने पर बुजुर्ग महिला बेहोश

## नौकर फरार, चोर अपने साथ गैस कटर लेकर आए थे

**समर न्यूज़ | सोनीपत**



जिले के गोहाना शहर में देर रात एक बड़ी और सुनियोजित चोरी की वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। वार्ड नंबर 10 स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के घर को चोरों ने उस समय निशाना बनाया, जब परिवार के सदस्य शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। घर में केवल एक बुजुर्ग महिला और वर्षों से काम कर रहा नौकर मौजूद था।

सुबह जब परिवार लौटा, तो तिजोरी कटी हुई मिली, लाखों की नकदी और भारी मात्रा में सोना-चांदी गायब था, जबकि बुजुर्ग महिला बेहोशी की हालत में पाई गई। घटना ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। मकान मालिक अजय सैनी के अनुसार, चोर अपने साथ गैस कटर लेकर आए थे और तिजोरी को काटकर उसमें रखे करीब 35 तोले सोने के गहने, सवा किलो चांदी के आभूषण और लगभग 10 लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गए। यह नकदी अगले दिन प्लांट की रजिस्ट्री के लिए रखी गई थी। तिजोरी में परिवार के पिता, बेटे और बेटी के आभूषण भी सुरक्षित रखे गए थे, जो अब चोरी हो चुके हैं। मकान मालिक के प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है।

### बुजुर्ग महिला बेहोश, नौकर लापता

परिवार के अनुसार, घर में मौजूद बुजुर्ग मां सुबह बेहोशी की हालत में मिलीं। वहीं कई वर्षों से घर में कार्यरत नेपाल मूल का नौकर घटना के बाद से गायब है। मकान मालिक ने उसी पर संदेह जताया है। पुलिस ने नौकर की तलाश शुरू कर दी है और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मंत्री परिवार ने लिया जायजा

घटना की जानकारी मिलने के बाद कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा की पत्नी अजय सैनी के घर पहुंची और परिवार से मुलाकात कर हालचाल जाना। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामला मंत्री के संज्ञान में है और पुलिस प्रशासन को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### क्षेत्र में दहशत, सुरक्षा पर उठे सवाल

वार्ड नंबर 10 में हुई इस बड़ी चोरी के बाद स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि चोरों का गैस कटर के साथ आना इस वारदात के सुनियोजित होने की ओर इशारा करता है।

# ट्रैक्टर से टक्कर में तीन नाबालिगों की मौत

**समर न्यूज़ | सिरसा**

रानियां क्षेत्र में शनिवार रात अभोली के पास हुए भीषण सड़क हादसे में तीन नाबालिग बाइक सवारों की जान चली गई। हादसा बाइक और ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर से हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव आठ बुर्जी निवासी 16 वर्षीय कर्ण और 16 वर्षीय कृष्ण तथा गांव भड़ोल्यांवाली निवासी 13 वर्षीय राजबीर शनिवार रात करीब आठ बजे बाइक पर सवार होकर भड़ोल्यांवाली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अभोली के पास उनकी बाइक की टक्कर एक ट्रैक्टर से हो गई।हादसा इतना गंभीर था कि कर्ण और कृष्ण की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल राजबीर को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## घरेलू विवाद के बाद युवक ने उठाया कदम

# पत्नी के सामने ही पश्चिमी यमुना नहर में लगाई छलांग

**समर न्यूज़ | करनाल**




करनाल में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने पश्चिमी यमुना नहर में कूदकर जान दे दी। घटना बीती रात की बताई जा रही है। अंधेरा अधिक होने के कारण रात में तलाश पूरी नहीं हो सकी, जबकि सुबह टीम ने सर्च अभियान चलाकर शव बरामद किया।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान डबरकी गांव निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है, जो इन दिनों कुंजपुरा की बसंती कॉलोनी में रह रहा था। पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के बीच अमित ने पत्नी को नहर किनारे बुलाया और कस्बा पुल पर बाइक खड़ी कर अचानक छलांग लगा दी। पत्नी ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह हाथ से फिसल गया।

सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचे। अंधेरा और पानी का तेज बहाव होने के कारण रात में सर्च रोकना पड़ा। अगले दिन सुबह SDRF की टीम मोटर बोट के साथ पहुंची और कुछ ही समय में पुल के पास से शव बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। मामले में रामनगर थाना पुलिस जांच कर रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# विज्ञान महाविद्यालय द्वारा एनएसएस शिविर

**समर न्यूज़ | हिसार**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र पर आयोजित कार्यक्रम में उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्वयं सेविकाओं को प्रेरित किया। डॉ अतुल ढींगड़ा ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वयं सेविकाओं को समाज सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भुमिका निभाने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सशक्त मंच है।

# विकास के लिए भाजपा और कांग्रेस का अनोखा तालमेल

**समर न्यूज़ | कैथल**

कैथल नगर परिषद की भाजपा समर्थित चेयरपर्सन सुरभि गर्ग के विकास कार्यों की कांग्रेस समर्थित पार्षद महेश जोगिया ने खुले मंच पर प्रशंसा की, जिससे राजनीतिक सीमाओं को पार करते हुए शहर के विकास के लिए एक सकारात्मक संदेश गया। वार्ड नंबर 4 एम्पलाइज कॉलोनी में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान पार्षद महेश जोगिया ने चेयरपर्सन के काम की सराहना करते हुए कहा कि सुरभि गर्ग बिना भेदभाव और पार्टी पक्षपात के हर वार्ड और हर व्यक्ति के विकास कार्यों पर ध्यान दे रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड में 4 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य किए गए हैं, जिनमें पार्क में बच्चों के झूले और ओपन जिम की व्यवस्था शामिल है। चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका नजरिया पार्टी से ऊपर है और उनका फोकस शहर के विकास और वार्डवासियों की मांगों को पूरा करने पर है। उन्होंने बताया कि वार्ड से जुड़े चारों गेटों की मरम्मत का कार्य जल्द शुरू होगा और अन्य लंबित मांगों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि इस प्रकार का पारदर्शी और निष्पक्ष दृष्टिकोण शहरवासियों में भरोसा पैदा करता है और राजनीतिक भिन्नताओं के बावजूद काम की सराहना होती है।

वीज़ुअल में कैथल नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग को स्वागत करते हुए वार्डवासियों और पार्षद महेश जोगिया को मंच से उनके विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए दिखाया गया। शहर में राजनीतिक सहयोग और विकास के अनोखे उदाहरण को उजागर करता है।

# कांग्रेस के से देश जनता खफा: अजय

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने दिल्ली में आयोजित विश्वस्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) समिट के दौरान कांग्रेस द्वारा किये गए प्रदर्शन पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अर्धनग्न अवस्था में किया गया प्रदर्शन देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर धूमिल करने का घृणित प्रयास है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की इस हरकत से देश के आम नागरिकों में गहरी नाराज़गी तो है ही, साथ ही कांग्रेस के अपने सहयोगियों ने भी उनकी इस हरकत से दूरी बना ली है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति किसी एक दल की नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और परिश्रम का प्रतिनिधित्व करती है।

# देवीलाल पार्क में एम पैक्स कर्मचारियों का प्रदर्शन

## मांगें न मानी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**समर न्यूज़ | पलवल**




एम पैक्स कर्मचारी संघ पलवल और फरीदाबाद के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पलवल के चौधरी देवीलाल पार्क में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों पर उनकी मांगों की अनदेखी करने के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग हरको बैंक के एमडी द्वारा प्रमोशन एक्ट में किए गए संशोधन को वापस लेने की है। कर्मचारियों का कहना है कि यह संशोधन उनके हितों के खिलाफ है और इससे पदोन्नति की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि इस संशोधन को रद्द नहीं किया गया तो सभी एम पैक्स कर्मचारी सामूहिक रूप से हड़ताल पर चले जाएंगे।

कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि हरको बैंक की ओर से 60 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों को हटाने संबंधी पत्र जारी किया गया था, लेकिन जीएमसीवी फरीदाबाद द्वारा अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि उनकी मांगों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है।

संघ के सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन का यही रवैया जारी रहा तो वे रिकवरी और बैंकिंग कार्य को पूरी तरह बंद कर देंगे। साथ ही उन्होंने मांग की कि उनका वेतनमान अन्य जिलों के समान किया जाए, क्योंकि वर्तमान में उन्हें अपेक्षाकृत कम वेतन मिल रहा है। कर्मचारियों ने मेडिकल, टीएडीए और कैश अलाउंस जैसी सुविधाएं मांगी।

# कैथल में स्पेशलिटी अस्पताल ने लगाया कैंप

## न्यू लाइफ रोगी जागरूकता शिविर




**समर न्यूज़ | कैथल**

हनुमान वाटिका परिसर में लॉर्ड रामा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने पेशेंट अवेयरनेस कैंप और न्यू स्टेप, न्यू लाइफ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों मरीजों ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में पहुंची जनता ने बताया कि दिल्ली, जयपुर, मोहाली जैसे बड़े शहरों की सुविधा अब उनके अपने शहर कैथल में उपलब्ध हो गई है।

लोगों का कहना था कि यह उनके लिए एक बड़ी राहत है कि अब उन्हें अपने शहर में ही उच्च गुणवत्ता का इलाज मिल रहा है, जिससे समय और यात्रा की समस्या दोनों कम हो गई है।

लॉर्ड रामा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के एमडी सत्येंद्र गर्ग ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक इलाज के विकल्पों की जानकारी साझा करना था। उन्होंने कहा कि शिविर में स्वास्थ्य जांच, परामर्श और मार्गदर्शन की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे मरीजों को अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सही समाधान समझने में मदद मिली।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता शिविर से मरीजों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और समय रहते इलाज मिलने की संभावना भी बढ़ती है।

# मंत्री मनोहर लाल ने अनिल विज से की शिष्टाचार भेंट



**समर न्यूज़ | अम्बाला**

हरियाणा के ऊर्जा परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से उनके आवास पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने उनका हालचाल जाना और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की।मंत्री अनिल विज के दोनों पैरों में फ्रैक्चर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें पूर्ण आराम की सलाह दी है। इसी को ध्यान में रखते हुए मनोहर लाल खट्टर स्वयं उनके आवास पर पहुंचे और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश में ऊर्जा एवं परिवहन से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। मनोहर लाल खट्टर ने अनिल विज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि उनका अनुभव और नेतृत्व प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं, अनिल विज ने भी उनके आगमन के लिए आभार व्यक्त किया।

# शांति देवी लीजेंड क्रिकेट लीग का आगाज

## सितारों ने रिवील की ट्रॉफी



**समर न्यूज़ | गुरुग्राम**

शहर के हिल्टन होटल में बीती रात 'शांति देवी लीजेंड क्रिकेट लीग' की ट्रॉफी रिवील कर टूर्नामेंट का भव्य आगाज किया गया। इस मौके पर फिल्म अभिनेता एजाज खान और अभिनेत्री नीलम गिरी ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी का अनावरण किया। कार्यक्रम में आयोजकों, टीम मालिकों और खेल प्रेमियों की मौजूदगी रही।

लीग के आयोजकों ने बताया कि मुकाबले 7 मार्च से गुरुग्राम के सेक्टर-78 स्थित स्पोर्ट्स क्यूब मैदान में खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में 12 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें टीम मालिकों ने बोली प्रक्रिया के जरिए तैयार किया है। सभी टीमें ट्रॉफी जीतने के लिए मैदान में जोरदार मुकाबला करती नजर आएंगी।लीग की खास बात यह है कि इसमें 40 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाड़ियों में फिल्म कलाकारों से लेकर बड़े कारोबारी और सांसद तक शामिल होंगे। खास आकर्षण के रूप में सांसद मनोज तिवारी भी मैदान में बल्ला घुमाते नजर आएंगे।ऑर्गेनाइजर कनिष्क और को-ऑर्गेनाइजर निखिल ने बताया कि लीग का उद्देश्य खेल के माध्यम से फिटनेस और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में इस तरह का आयोजन शहर की खेल संस्कृति को नई पहचान देगा।कार्यक्रम के दौरान मौजूद खिलाड़ियों और मेहमानों ने लीग को सफल बनाने का भरोसा जताया।

# अंबाला में प्रदेश के बजट को लेकर जनता बड़ी उम्मीदें

**समर न्यूज़ | अम्बाला**

हरियाणा सरकार के आगामी बजट को लेकर अंबाला में आम नागरिकों के बीच उत्सुकता और उम्मीदों का माहौल है। अलग-अलग वर्गों के लोगों का कहना है कि इस बार का बजट आमजन की जरूरतों पर केंद्रित होना चाहिए, खासकर शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर ठोस प्रावधान किए जाने चाहिए।

स्थानीय निवासी अनुषा शर्मा ने कहा कि सरकार को निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से बढ़ाई जाने वाली फीस पर सख्त नियंत्रण करना चाहिए। उनका मानना है कि हर साल ली जाने वाली एडमिशन फीस पर रोक लगनी चाहिए, ताकि मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत मिल सके और वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला सकें।

आर्मी से रिटायर्ड सूबेदार राज कुमार ने युवाओं के रोजगार पर जोर देते हुए कहा कि सरकार को ऐसे प्रावधान करने चाहिए जिससे युवाओं को बिना गारंटी के लोन मिल सके। इससे युवा अपना स्वरोजगार शुरू कर सकेंगे और दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम होंगे। उनका कहना है कि आत्मनिर्भर युवा ही प्रदेश और देश की तरक्की की नींव रखते हैं।व्यवसायी संदीप सिसोदिया ने उम्मीद जताई कि सरकार व्यापारियों के हित में भी बजट में राहत दे। उन्होंने कहा कि छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए टैक्स और अन्य प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए, ताकि कारोबारी माहौल बेहतर हो सके और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां बढ़ें।गृहणी रेनू सैनी ने महिलाओं की सुरक्षा और घरेलू बजट पर ध्यान देने की मांग की। उनका कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।

**परियोजना**

## चार स्टेंट डालकर रचा इतिहास

# अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में अनोखी हार्ट सर्जरी

**समर न्यूज़ | अम्बाला**




अंबाला कैंट स्थित नागरिक अस्पताल ने हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। यहां पहली बार एक मरीज के दिल में एक साथ चार स्टेंट डालकर सफल सर्जरी की गई। खास बात यह रही कि यह सर्जरी हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज के भाई राजिंदर विज पर की गई। करीब साढ़े तीन घंटे चली इस जटिल प्रक्रिया के बाद मरीज को कुछ ही घंटों में छुट्टी दे दी गई, जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

अंबाला कैंट का यह नागरिक अस्पताल, जिसे आधुनिक सुविधाओं के लिए जाना जाता है, पहले भी कई उन्नत उपचारों के कारण चर्चा में रहा है। अस्पताल के हार्ट सेंटर ने इस बार जिस तरह से जटिल केस को संभाला, उसने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता को नई पहचान दी है।सर्जरी करने वाले हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. प्रताप कुमार ने बताया कि आमतौर पर किसी भी मरीज को एक या दो स्टेंट ही डाले जाते हैं, लेकिन इस मामले में दिल की धमनियों के आसपास अत्यधिक कैल्शियम जमा था, जिससे स्थिति जटिल हो गई थी। बायपास सर्जरी की सलाह भी दी गई थी, लेकिन मरीज की इच्छा के अनुसार एंजियोग्राफी के माध्यम से उपचार की योजना बनाई गई। विस्तृत जांच के बाद करीब 3.5 घंटे तक चली प्रक्रिया में चार स्टेंट सफलतापूर्वक डाले गए।

डॉ. प्रताप कुमार ने बताया कि यह प्रक्रिया तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण थी, क्योंकि कैल्शियम की अधिकता के कारण धमनियां सख्त हो चुकी थीं। बावजूद इसके पूरी टीम ने समन्वय के साथ काम किया और सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

राजिंदर विज ने बताया कि उन्हें दिल से संबंधित गंभीर समस्या थी और शुरुआत में बायपास की सलाह दी गई थी। हालांकि वे बायपास नहीं करवाना चाहते थे। डॉ. प्रताप से परामर्श के बाद एंजियोग्राफी के जरिए इलाज का निर्णय लिया गया। सर्जरी के बाद वे स्वयं को सामान्य महसूस कर रहे हैं और उसी रात घर लौट गए।यह उपलब्धि न केवल अंबाला कैंट बल्कि पूरे हरियाणा के सरकारी स्वास्थ्य ढांचे के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है।

# मन की बात सुनने पहुंचे खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम

**समर न्यूज़ | पलवल**

नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 131वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को देशभर में हुआ। इसी क्रम में पलवल के एक निजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उनके साथ जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला और अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में खेल राज्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनहित से जुड़े मुद्दों को देश के सामने रखते हैं, जिससे लोगों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को कुछ देशों या कॉरपोरेट घरानों तक सीमित रखने के बजाय आम जनता के लिए सुलभ, समावेशी और जिम्मेदार बनाना है।कांग्रेस द्वारा एआई समिट को लेकर किए जा रहे विरोध पर उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस अराजकता की राजनीति कर रही है और हर सकारात्मक पहल का विरोध करना उसकी आदत बन गई है।राज्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार जल्द ही आम बजट पेश करेगी, जिसमें प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए जाएंगे। राज्य की खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। बुढ़ापा पेंशन को लेकर विपक्ष की बयानबाजी पर उन्होंने कहा कि विपक्षी दल पहले अपने शासनकाल का आंकलन करें कि उन्होंने कितनी बढ़ोतरी की थी और वर्तमान सरकार ने कितनी। कृष्ण बेदी और अभय चौटाला की बयानबाजी पर कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए।

### दिल्ली में गिरफ्तार कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग दोहराई

# शिमला में पुलिस से धक्का-मुक्की, एआई समिट विवाद को लेकर युवा कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

समर न्यूज़ | शिमला



युवा कांग्रेस ने दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट में प्रदर्शन के बाद गिरफ्तार हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया। जहां पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का मुक्की और हल्की झड़प हुई। बता दे कि युवा कांग्रेस ने राजीव भवन से पुराने बस स्टैंड तक रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र विरोधी और तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर ने कहा कि गलगोटिया प्राइवेट यूनिवर्सिटी के माध्यम से हुई अंतरराष्ट्रीय बेईमानी के लिए प्रधानमंत्री मोदी और पूरी केंद्र सरकार को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों को दबाने का प्रयास कर रही है।

- **ऐप्सटीन फाइल्स के बहाने साधा निशाना** – ठाकुर ने आगे कहा कि ऐप्सटीन फाइल्स में प्रधानमंत्री मोदी का नाम आना और अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट में गलगोटिया जैसी यूनिवर्सिटी के 'झूठ' को समर्थन देना भविष्य में उन्हें 'राष्ट्रीय बेशर्म और बेईमान' के रूप में याद दिलाएगा। भारतीय युवा कांग्रेस के महासचिव शेष नारायण ओझा ने इस मामले को देशद्रोह बताया।
- **गलगोटिया यूनिवर्सिटी के बहाने तंज** – ओझा ने कहा कि चीन के रोबोटिक कुत्ते को अपना उत्पाद बताकर अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट एक्सपो में प्रदर्शित करना सबसे बड़ा देशद्रोह है, जिसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जिम्मेदार हैं और उन्हें जेल में डाल देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार की इस हरकत से देश की अंतर्राष्ट्रीय बेइज्जती हुई है, जिससे देश की सुरक्षा और सम्मान को खतरा पैदा हो गया है। युवा कांग्रेस ने भाजपा को 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान हुए विरोध प्रदर्शनों की याद दिलाई।

#### कार्यकर्ताओं को रिहा करने की मांग

प्रदर्शन के माध्यम से युवा कांग्रेस ने मांग की है कि दिल्ली में गिरफ्तार युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को तुरंत रिहा किया जाए और उनके खिलाफ दर्ज किए गए सभी मामले वापस लिए जाएं। साथ ही, केंद्र सरकार से मांग की गई है कि वह अपनी बेईमानी को स्वीकार करते हुए देश की जनता से हजार बार इसके लिए माफी मांगे। इस प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय महासचिव शेष नारायण ओझा, प्रदेश अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर के साथ राज्य महासचिव आर्यन चौहान, योगेश ठाकुर योगी, अतुल ठाकुर, प्रकाश कन्याल, मनोज, अरुण ठाकुर, नरेंद्र, हार्दिक भंडारी, रोहित कश्यप सहित शिमला जिला से संबंधित युवा कांग्रेस व एन. एस. यू.आई. के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शादी से इनकार पर युवती के घर को लगाई आग

समर न्यूज़ | कुल्लू

कुल्लू जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां शादी का प्रस्ताव ठुकराए जाने से नाराज एक युवक ने युवती के घर को आग के हवाले कर दिया। मामला उपमंडल आनी की ग्राम पंचायत कुठेड़ के कटाहर गांव का है। गनीमत रही कि पड़ोसियों की सतर्कता से परिवार के सदस्य समय रहते घर से बाहर निकल आए और बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित राजेश कुमार पुत्र कृष्ण लाल, निवासी कटाहर (तांदी) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पंकज शर्मा नामक युवक उनकी बेटी पर शादी का दबाव बना रहा था। परिवार द्वारा रिश्ता ठुकराए जाने के बाद आरोपी ने दो दिन पहले फोन पर गंभीर धमकी दी थी। उसने कथित तौर पर कहा था कि यदि शादी नहीं करवाई गई तो वह पूरे परिवार को घर सहित जला देगा।शुक्रवार रात करीब 10 बजे राजेश कुमार अपनी पत्नी और बेटी के साथ भोजन के बाद सो गए थे। लगभग आधे घंटे बाद घर की बाहरी दीवारों से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। पास में रहने वाली एक महिला ने आग देखी और शोर मचाया। आवाज सुनकर परिवार की नींद खुली और वे तुरंत बाहर की ओर भागे।शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और मिलकर आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे जानमाल का बड़ा नुकसान टल गया। हालांकि आग से पुराने मकान के लिए अलग रखी गई कीमती देवदार की लकड़ी, एक कमरे में रखी सेब की जालियां, प्लास्टिक के किल्टे, ईंधन की लकड़ी तथा बिजली के मीटर की तारें जलकर राख हो गईं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी गाड़ी में बैठकर फरार हो गया।

## नगर निगम महापौर के पक्ष में उतरे कांग्रेस पार्षद

### भाजपा पार्षदों द्वारा बजट के वाकआउट को बताया शहर विरोधी



संजू | शिमला
समर न्यूज़

शिमला नगर निगम द्वारा बीते दिन पेश किए गए बजट का वॉकआउट करने पर कांग्रेस पार्षद महापौर सुरेंद्र चौहान के पक्ष में उतर आए है और भाजपा पार्षदों द्वारा बजट का वॉकआउट करने को शहर की जनता के साथ धोखा करार दिया।शनिवार को नगर निगम के कांग्रेस पार्षदों ने पत्रकार वार्ता कर भाजपा पर निशाना साधा और बजट के वाकआउट को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नगर निगम के बजट को ऐतिहासिक कर दिया। कांग्रेस पार्षद कुलदीप ठाकुर ने कहा नगर निगम के महापौर और उपमहापौर द्वारा बीतें दिन जो बजट पेश किया गया है वह ऐतिहासिक है अब तक के नगर निगम के बजट में सबसे ज्यादा बजट इस बार पेश किया गया है जिसमें शहर के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है लेकिन जिस तरह से बीते दिन बजट की शुरू होते ही भाजपा ने वॉकआउट किया जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा को बजट सुन लेना चाहिए था उसके बाद ही वर्कआउट करना चाहिए। शहर की जनता ने उन्हें चुन कर भेजा है और बजट साल में एक बार पेश किया जाता है ऐसे में बजट का वॉकआउट करना शहर के लोगों के साथ धोखा है।

- **महापौर को महिला विरोधी बोलने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण**

वही भाजपा पार्षदों द्वारा महापौर को महिला विरोधी कहने पर कांग्रेस महिला पार्षदों ने पलटवार किया और भाजपा को पुरुष विरोधी करार दिया। कांग्रेस पार्षद ममता चंदेल ने कहा कि बीते दिन भाजपा पार्षदों द्वारा महापौर पर महिलाओं के शोषण के आरोप लगाए जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। महापौर सभी महिलाओं को सम्मान देते है। भाजपा 20217 से 2022 तक नगर निगम में काबिज रही और उन्होंने ढाई साल बाद भी महिला को ही महापौर बनाया जबकि पुरुष को महापौर बनाया जाना था।

## एकल अभियान उत्सव में शामिल हुए डॉ. जनकराज



समर न्यूज़ | चम्बा

हिमाचल प्रदेश के हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला के भरमौर क्षेत्र के गरोला में आयोजित एकल अभियान अंचल वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उनका सेवाभाव एक बार फिर सामने आया। उत्सव के बीच जब स्थानीय महिलाएं अपनी और अपने परिजनों की मेडिकल रिपोर्ट्स लेकर उनके पास पहुंचीं, तो उन्होंने मंच से अलग बैठकर धैर्यपूर्वक रिपोर्ट्स की जांच की। डॉ. जनकराज ने मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी और पर्ची पर दवाइयां भी लिखीं।गौरतलब है कि डॉ. जनकराज पेशे से न्यूरोसर्जन रहे हैं। चिकित्सा सेवा से राजनीति में आने के बाद वे वर्तमान में भरमौर से भाजपा विधायक हैं। सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों में लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनना और मौके पर परामर्श देना उनकी कार्यशैली का हिस्सा बन चुका है।

## एआई और सांस्कृतिक विरासत पर भारत की बढ़त

### नाहन में 'मन की बात' सुनने के बाद संगठनात्मक चर्चा

समर न्यूज़ | नाहन



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन नगर के बूथ नंबर 43 और 44 के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ अपने निवास विला-राउंड, नाहन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 131वां एपिसोड सुना। कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क गतिविधियां तेज करने का आह्वान किया।

डॉ. बिंदल ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने रमजान और होली के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और विभिन्न सामाजिक व तकनीकी विषयों पर विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि हाल ही में आयोजित एआई समिट में भारत की भागीदारी और उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से भारत की प्राचीन पांडुलिपियों, संस्कृत ग्रंथों और ऐतिहासिक दस्तावेजों के डिजिटलीकरण की दिशा में हो रहे प्रयासों का उल्लेख किया गया। विशेष रूप से सुश्रुत संहिता जैसे ग्रंथों को आधुनिक तकनीक से वैश्विक स्तर पर उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।प्रदेश की राजनीतिक स्थिति पर बोलते हुए डॉ. बिंदल ने कहा कि राज्य सरकार को शिक्षा, वित्त और बुनियादी सेवाओं के मुद्दों पर गंभीरता से काम करना चाहिए। उन्होंने स्कूलों के विलय और बंद होने, बिजली दरों में वृद्धि तथा अन्य करों के प्रभाव जैसे विषयों को उठाया। उनका कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और जन सुविधाओं को मजबूत करने की आवश्यकता है।

बैठक के अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय रखने और जनहित के मुद्दों पर संवाद बढ़ाने का आग्रह किया।

## ज्वाल की बावड़ी में स्वच्छ जल-स्वच्छ मन मुहिम



समर न्यूज़ | ज्वाल

संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में रविवार को प्रोजेक्ट अमृत के 'स्वच्छ जल-स्वच्छ मन' अभियान के तहत ज्वाल क्षेत्र की ऐतिहासिक बावड़ी में विशेष स्वच्छता सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में संगत ने वर्दी सहित भाग लेकर उत्साहपूर्वक सेवा कार्य किया। स्वच्छता अभियान में श्रद्धालुओं ने मिलकर बावड़ी परिसर की सफाई की और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। सेवा कार्य पूर्ण होने के बाद संगत का आयोजन महात्मा रणजीत के निवास स्थान पर सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुआ। संगत उपरांत श्रद्धालुओं के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई। मिशन के पदाधिकारियों ने कहा कि सामूहिक सेवा भावना से ही ऐसे अभियान सफल होते हैं। इस अवसर पर दास मुखी सुरेश कुमार, सेवादल संचालक तरसेम लाल और शिक्षक अमन भारद्वाज सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मैड़ी होली मेला: 24 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजन

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 3 मार्च को निशान साहिब की रस्म और 5 मार्च को पंजा प्रसाद वितरण होगा

राकेश | ऊना
समर न्यूज़



चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के मैड़ी में 24 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक होली मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अजीत दरबार मैड़ी में आयोजित समीक्षा बैठक में कांग्रेस विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मेले के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन पर जोर दिया। बैठक में एसडीएम अंब पारस अग्रवाल, गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि, स्थानीय पंचायत पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मेले के दौरान सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, बिजली और पेयजल सहित सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित विभागों की जिम्मेदारियां तय की गईं।

प्रशासन के अनुसार मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेडिकल पोस्ट स्थापित की जाएगी। एडीसी ऊना मेला अधिकारी तथा एसडीएम अंब सहायक मेला अधिकारी होंगे। वहीं एएसपी ऊना पुलिस मेला अधिकारी और डीएसपी अंब सहायक पुलिस मेला अधिकारी के रूप में तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 850 पुलिस जवान, 125 महिला पुलिसकर्मी और 750 होमगार्ड जवान तैनात किए जाएंगे।

3 मार्च को निशान साहिब (झंडा चढ़ाने) की रस्म और 5 मार्च की मध्यरात्रि को पंजा प्रसाद वितरण किया जाएगा। मेला अवधि के दौरान ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, टैम्पू और अन्य मालवाहक वाहनों से श्रद्धालुओं के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्रद्धालु केवल एचआरटीसी बसों के माध्यम से ही मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे। मेला क्षेत्र को सुचारू संचालन के लिए 10 सेक्टरों में बांटा गया है, जहां सेक्टरवार निगरानी की जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और आयुष विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। आपात स्थिति के लिए नैहरी, मैड़ी और चरण गंगा में एंबुलेंस तैनात रहेंगी।इसके अलावा ऊना-मैहतपुर, हरोली-पंडोगा और मरवाड़ी-मुबारिकपुर को अतिरिक्त सेक्टर घोषित किया गया है। नेटवर्क समस्या से निपटने के लिए जियो और एयरटेल के प्रतिनिधियों को ट्रांसमीटर और रिसीवर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने श्रद्धालुओं से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने और सुरक्षित साधनों से यात्रा करने की अपील की, ताकि मेला शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## विक्रमादित्य सिंह ने विकास योजनाओं की दी जानकारी

समर न्यूज़ | शिमला

रामपुरी क्योंथल पंचायत के धनुल गांव में रविवार को मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग आत्मनिर्भर हैं और सामूहिक सहयोग से ही विकास कार्यों को गति मिलती है।उन्होंने जानकारी दी कि जलोग क्षेत्र में दूध एकत्रीकरण केंद्र स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे करीब 10 पंचायतों को लाभ मिलेगा। भविष्य में रामपुरी क्योंथल क्षेत्र की अन्य पंचायतों के लिए भी ऐसी सुविधाएं विकसित करने की योजना है।



शिवरात्रि

### कार्यक्रम में शिव प्रताप शुक्ल और जयराम ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

## महोत्सव की अंतिम संध्या में हंसराज रघुवंशी के भजनों ने बांधा समां

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़



अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की छठी एवं अंतिम सांस्कृतिक संध्या भक्ति और उल्लास के रंगों में सराबोर रही। स्टार पार्श्व गायक हंसराज रघुवंशी ने भोले बाबा के भजनों, हिंदी और पहाड़ी गीतों की प्रस्तुतियों से पंडाल में मौजूद हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा वातावरण 'बम बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा और दर्शक देर रात तक झूमते रहे।

कार्यक्रम में शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जयराम ठाकुर के पंडाल में पहुंचते ही मंडीवासियों ने सीटियों और नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने उनके पक्ष में नारे लगाए, जिससे पंडाल का माहौल उत्साह से भर गया। इस अवसर पर भाजपा विधायक अनिल शर्मा, राकेश जम्वाल, विनोद कुमार, इंद्र सिंह गांधी, पूर्ण चंद ठाकुर, दीप राज भंथल और दलीप ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। महोत्सव की आम सभा के अध्यक्ष एवं धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने राज्यपाल और नेता प्रतिपक्ष को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया, जबकि अन्य अतिथियों को डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह के बाद हंसराज रघुवंशी ने मंच संभाला और अपने लोकप्रिय शिव भजनों की श्रृंखला से माहौल को भक्तिमय बना दिया। उनके साथ दर्शक भी सुर में सुर मिलाते नजर आए। भजनों के साथ-साथ प्रस्तुत पहाड़ी गीतों ने भी समां बांध दिया। हिमाचली जोड़ी रंजना रघुवंशी और अर्जुन गोपाल ने लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर दर्शक थिरकने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत बीरी सिंह एंड पार्टी के शहनाई वादन से हुई। स्थानीय कलाकारों - सुभाष राणा, शिवदयाल, रिशु, चेतराम, मान सिंह, नरेंद्र, मनसा पंडित, महेंद्र, प्रकाश, कुलदीप, भूपेंद्र, पदमा, संजु सुकेती, मंडलयाली लोक सांस्कृतिक मंच, रेखा चौहान, नवीन डांस अकादमी, संगीत सदन, ओल्ड बैंड, रसराज डांस अकादमी और आराध्या सहित अन्य कलाकारों ने भी रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। 'वॉयस ऑफ शिवरात्रि 2025' रहे गुलशन ने मेहमान कलाकार के रूप में प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं।

वहीं 'वॉयस ऑफ शिवरात्रि' प्रतियोगिता में सलापड़ के सागर विजेता बने। कुल्लू की लक्ष्मी ठाकुर प्रथम उपविजेता और मंडी के मुकुल शर्मा द्वितीय उपविजेता रहे। विजेता सागर को 51 हजार, लक्ष्मी ठाकुर को 31 हजार और मुकुल शर्मा को 21 हजार रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। अंतिम संध्या के साथ ही महोत्सव का भव्य समापन हो गया।

## सलूणी विंटर लेक फेस्ट की दूसरी संध्या में गूंजे सुर

### फौलादी इंडियन बैंड की प्रस्तुति ने पूरे पंडाल का माहौल उत्साह से भर दिया

समर न्यूज़ | चम्बा



सलूणी के तलेरु स्थित बोटिंग प्वाइंट पर आयोजित सलूणी विंटर लेक फेस्टिवल की दूसरी सांस्कृतिक संध्या रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उनके आगमन पर आयोजकों और स्थानीय प्रशासन ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

सांस्कृतिक संध्या के दौरान स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों ने मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। आशीष ठाकुर, जितेंद्र पंकज शर्मा और भुवनेश भरत ने अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं तनु ठाकुर फौलादी इंडियन बैंड की ऊर्जावान प्रस्तुति ने पूरे पंडाल का माहौल उत्साह से भर दिया। बैंड के गीतों पर युवा और बुजुर्ग सभी झूमते नजर आए।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त चंबा सहित एडीएम और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी कलाकारों का उत्साहवर्धन करते दिखे। कुछ अवसरों पर वे भी गीतों की धुन पर ताल मिलाते नजर आए, जिससे कार्यक्रम की रौनक और बढ़ गई। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का स्वागत किया।इस अवसर पर उपायुक्त ने एसडीएम सलूणी तथा उपमंडल प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए सशक्त मंच भी प्रदान करते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी।फेस्टिवल में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और पर्यटकों की उपस्थिति रही। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सभी ने भरपूर आनंद उठाया।

# चंडीगढ़ में महिला की बेरहमी से हत्या

## क्वार्टर में रहता है आरोपी का परिवार, लाश के पास बैठ चलाता रहा मोबाइल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



दड़वा में एक 35 वर्षीय महिला सीमा की हत्या कर दी गई। आरोपी ने महिला के सिर पर कुकर और तवे से हमला किया। आरोपी ने महिला के सिर पर कुकर से कई बार किए थे। इससे अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार को अरेस्ट कर लिया है ।

**▪ घर में घुसकर आरोपी ने हमला किया**

मृतका के परिवार वालों के मुताबिक हमेशा ही वह बच्चों के खेलने को लेकर झगड़ता था। महिला का परिवार दो नंबर जबकि आरोपी चार नंबर में अपने पिता व भाई के साथ रहता था।

महिला के पति ने बताया कि कल वह सुबह काम पर चला गया था। उसके बाद से आरोपी उसकी पत्नी का पीछा शुरू करने लगा था। जब वह कपड़े डालने गई तो भी वह ऊपर पहुंच गया। इसके बाद दोपहर में वह किसी तरीके अंदर घुस गया। उस समय उसकी नीयत ठीक नहीं थी। इसके बाद मेरी पत्नी ने आरोपी से बचने की काफी कोशिश की। नलेकिन आरोपी ने उस पर हमला कर दिया।

इस दौरान उस पर चाकू, कुकर और तवे बार किए। इस दौरान वह खून से लथपथ हो गई। आखिर में किसी तरह उन्हें पता चला । जब वह अस्पताल लेकर आ रहे थे तो रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

### लाश के पास बैठकर मोबाइल चला रहा था

वारदात के बाद आरोपी लाश के पास बैठकर मोबाइल चलाता रहा, जैसे कुछ हुआ ही न हो। आसपास के लोगों ने चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विनोद को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने पूरी वारदात कबूल कर ली है।

### हत्या व छेड़छाड़ का केस दर्ज

पुलिस ने बताया कि यह घरेलू/पड़ोस आधारित क्राइम है। मुख्य मकसद यौन शोषण था, जो नाकाम रहने पर हत्या में बदल गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है, लेकिन प्राथमिक जांच में मौत सिर पर चोटों से हुई है। आरोपी के खिलाफ हत्या और छेड़छाड़ की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

# पंचकूला में बाइक की टक्कर से युवक की मौत



समर न्यूज़ | पंचकूला

पंचकूला में बाइक की टक्कर से पैदल जा रहा युवक सड़क पर जा गिरा और मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पंचकूला सेक्टर-6 अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसे चंडीगढ़ सेक्टर-32 अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पंचकूला-शिमला नेशनल हाईवे पर रामपुर गांव के पास पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज रही कि पैदल जा रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। वहीं बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

**यूपी का रहने वाला घायल**

बाइक सवार घायल की पहचान पिंजौर की विश्वकर्मा कालोनी निवासी बल्लीराम के तौर पर हुई है। जो वहीं एक बेकरी शॉप पर काम करता है। घायल युवक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले का रहने वाला है। जिसका परिवार काफी समय से पंचकूला में ही रहता है। घटना के समय वह बाइक पर सवार होकर बेकरी शॉप पर ही जा रहा था।

**शिनाख्त के लिए प्रयास**

पिंजौर थाना के अमरावती चौकी इंचार्ज प्रीतम सिंह ने बताया की सूरजपुर के गांव रामपुर सियूडी के सामने यह हादसा हुआ जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार और पैदल जा रहे व्यक्ति की टक्कर हो गई। हादसे में युवक की मौत हुई। जिसकी शिनाख्त के लिए प्रयास चल रहे हैं।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में गिरफ्तार

समर न्यूज़ | पंचकूला

पुलिस ने महिला एवं बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई में 11 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता को सुरक्षित बरामद कर परिजनों के हवाले किया तथा आरोपी को अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता द्वारा थाना चण्डीमन्दिर में दी गई शिकायत में बताया गया कि उसकी नाबालिग पुत्री को पड़ोस में रहने वाला युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए धारा 137(2), 96 बीएनएस व पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान चण्डीमन्दिर पुलिस थाना टीम ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामपाल सिंह के नेतृत्व में तत्परता से कार्रवाई करते हुए पीड़िता को दिल्ली से सुरक्षित बरामद किया और उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तथा अदालत में पेश किया गया, जहाँ से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि पंचकूला पुलिस बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इस मामले में टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया और आरोपी को कानून के अनुसार गिरफ्तार किया गया। अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। - समर न्यूज़

# चंडीगढ़ में पहली अंतरराष्ट्रीय मैराथन 1 मार्च से

## 38 विदेशी खिलाड़ियों सहित 3500 प्रतिभागी लेंगे भाग, 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ में पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैराथन का आयोजन 1 मार्च को किया जा रहा है। इस दौड़ में 38 विदेशी खिलाड़ियों सहित 3,500 से ज्यादा धावक हिस्सा लेंगे। विजेताओं को कुल 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। प्रशासन का कहना है कि यह आयोजन चंडीगढ़ को दुनिया में खेलों के क्षेत्र में पहचान दिलाने की ओर एक बड़ा कदम है।

चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

उन्होंने कहा कि 1 मार्च का दिन चंडीगढ़ के लिए ऐतिहासिक होगा, क्योंकि शहर पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की मैराथन की मेजबानी कर रहा है।

### 20 हजार 7 लाख तक का इनाम मिलेगा

5 किलोमीटर की दौड़ सुखना पाथ मार्ग पर आयोजित की जाएगी। इस मैराथन में अलग-अलग श्रेणियों के विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। फुल मैराथन में 20 हजार रुपये से लेकर 7 लाख रुपये तक का इनाम मिलेगा।

हाफ मैराथन में 15 हजार से 4 लाख रुपये तक की राशि दी जाएगी, जबकि 10 किलोमीटर दौड़ में 7 हजार से 2 लाख रुपये तक का पुरस्कार रखा गया है।

18 से 50 वर्ष तक के प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग आयु वर्ग बनाए गए हैं और कुल 138 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। 5 किलोमीटर दौड़ में हिस्सा लेने वालों को मेडल और सर्टीफिकेट दिए जाएंगे। प्रशासन का मानना है कि इस आयोजन से शहर में खेलों को बढ़ावा मिलेगा और खेल पर्यटन को भी मजबूती मिलेगी।



### मैराथन में 4 तरह की दौड़

फुल मैराथन (42.195 किलोमीटर) को प्रतिभागियों को 6 घंटे के भीतर पूरा करना होगा। हाफ मैराथन भी इसी मार्ग पर आयोजित की जाएगी। 10 किलोमीटर की समयबद्ध दौड़ अलग से कराई जाएगी, जिसमें समय के आधार पर परिणाम तय होंगे। इसके अलावा 5 किलोमीटर की दौड़ भी आयोजित की जाएगी, जिसमें आम लोग भी हिस्सा ले सकेंगे। दौड़ का रास्ता शहर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगा। इसमें सुखना लेक, रॉक गार्डन, रोज गार्डन और पीजीआई के गेट नंबर 3 से होकर गुजरेगी। दौड़ का अंत चंडीगढ़ क्लब में होगा।

# सेक्टर -1 कॉलेज की प्राचार्या एवं यूथ रेड क्रॉस टीम रोटरी ब्लड बैंक सोसायटी द्वारा सम्मानित

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

रोटरी ब्लड बैंक सोसायटी द्वारा रविवार को महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, चंडीगढ़ में एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें चंडीगढ़ के माननीय सांसद मनीष तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान डॉ शैलजा छाबड़ा, प्राचार्या एवं यूथ रेड क्रॉस चेयरपर्सन, गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, सेक्टर -1, पंचकूला को स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन हेतु सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं तथा रक्तदान शिविर आयोजित करने वाले सभी व्यक्तियों और संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे मानव सेवा का पुनीत कार्य बताया।




कार्यक्रम में कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ राकेश पाठक को भी रक्तदान शिविरों एवं सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

यह सम्मान गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, सेक्टर -1, पंचकूला की सामाजिक प्रतिबद्धता, सेवा-भाव और जनकल्याण के प्रति निरंतर प्रयासों का प्रमाण है।

# फर्स्ट बैंक में 590 करोड़ की धोखाधड़ी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में 590 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को दी सूचना में बताया कि हरियाणा सरकार से जुड़े कुछ खातों में अनधिकृत और गलत लेनदेन पाए गए हैं, जिनमें बैंक के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि एक विभाग द्वारा खाता बंद कर राशि दूसरे बैंक में ट्रांसफर करने के अनुरोध के दौरान वास्तविक बैलेंस और बताए गए बैलेंस में अंतर मिला। 18 फरवरी 2026 के बाद अन्य सरकारी संस्थाओं के खातों में भी इसी प्रकार की विसंगतियां सामने आईं। मामला केवल चंडीगढ़ शाखा के कुछ सरकारी खातों तक सीमित बताया गया है। बैंक ने चार अधिकारियों को निलंबित कर जांच शुरू कर दी है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है।

# विधवा को स्वावलंबी बनाने को बैंकों के माध्यम से 3 लाख रुपये तक कर्ज की सुविधा करवाई

समर न्यूज़ | पंचकूला



उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बताया कि विधवा महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने हेतू बैकों के माध्यम से 3 लाख रुपये तक के ऋण दिलवाने की योजना शुरु की है। इस योजना के अंतर्गत जिला के लिये 20 केसों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि योजना के अन्तर्गत जिन महिलाओं की वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक तथा आयु 18 से 60 वर्ष है, इस स्कीम की पात्र होंगी।

योजना के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कुल ऋण का 10 प्रतिशत हिस्सा महिला को स्वंय वहन करना होगा तथा शेष राशि बैकों के माध्यम से दी जाएगी। बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा सब्सिडी के रुप में अदा की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50,000 रुपये व अवधि 3 वर्ष जो भी पहले होगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्रियाकलापों जैसे कि बुटिक, सिलाई-कढ़ाई, आटो, ई-रिक्शा, मसाला, आचार इकाइया, खाद्य प्रसंस्करण, कैरी बैग का निर्माण, बेकरी, रेडीमेंट्स गारमेंटस, कम्पयूटर जांच वर्क्स इत्यादि तथा अन्य किसी भी कार्य जिसको महिलाएं करने में सक्षम हो, उन सभी कार्यो के लिए ऋण देने से पूर्व ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी ताकि महिला को अपने कारोबार या लघु उघोग स्थापित करने में कार्य कुशलता की कमी महसूस न हो।

उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिये निगम के कार्यालय जिला प्रबन्धक हरियाणा महिला विकास निगम, कमरा न0 52, तीसरी मंजिल, नई बिल्डिग, मिनी सचिवालय सैक्टर-1 पंचकूला, फोन न0 0172-2585271 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# पंचकूला पुलिस ने अवैध अतिक्रमण हटाए

समर न्यूज़ | पंचकूला

थाना यातायात सिटी व थाना यातायात सूरजपुर की संयुक्त टीम द्वारा आज यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 25 चालान किए गए तथा एक बुलेट मोटरसाइकिल का 32 हजार रुपये का चालान कर उसे इम्पाउंड किया गया। इस प्रकार कुल 25 वाहन चालकों के विरुद्ध मौके पर कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त फोटो चालान प्रणाली के तहत भी कार्रवाई जारी रही। थाना यातायात शहर द्वारा 324 तथा थाना यातायात सूरजपुर द्वारा 341 फोटो चालान किए गए।

# पंचकूला स्टेडियम में झुलसे युवक की मौत

## जालंधर का रहने वाला था, पत्नी के साथ चल रहा विवाद, चादर जलाते समय हादसा

समर न्यूज़ | पंचकूला

ताऊ देवीलाल स्टेडियम में एक युवक को चादर जलाते समय आग ने अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने के कारण युवक बुरी तरह से झुलस गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तुरंत सामान्य अस्पताल भर्ती करवाया। जहां से चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया, जहां रविवार सुबह युवक ने दम तोड़ दिया। पंचकूला के सेक्टर-20 निवासी साहिल ने मरने से पहले ड्यूटी मजिस्ट्रेट को अपने बयान में बताया था कि वह मूल रूप से जालंधर के फिल्लौर का रहने वाला है। उसका परिवार सेक्टर-20 व 25 में रहता है।




शनिवार देर शाम वह ताऊ देवीलाल स्टेडियम में घूमने के लिए गया था। उसके पास एक पुरानी चादर थी, जिसे वह आग लगा रहा था। इस दौरान वह आग की चपेट में आ गया। जिससे उसके कपड़ों में भी लग गई। आग लगने के कारण साहिल ने चीखना शुरू कर दिया। जिस पर वहां टहल रहे लोगों ने तुरंत डॉयल-112 को सूचित किया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची व एम्बुलेंस की सहायता से उसे सेक्टर-6 के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मजिस्ट्रेट के सामने हुए बयान के बाद चंडीगढ PGI रेफर कर दिया गया।

**▪ पत्नी से विवाद के कारण डिप्रेशन में युवक**

पंचकूला सेक्टर-20 के SHO सोमबीर ढाका ने बताया कि परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, आग के कारण झुलसे हुए युवक का पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। जिस कारण वह काफी समय से डिप्रेशन में चल रहा है। वह पुरानी चादर को आग लगा रहा था, जिससे वह भी आग की चपेट में आ गया। उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।

मैराथन

## 7 दिन में 153 किलोमीटर लंबा ट्रैक सफलतापूर्वक किया पूरा

# हरियाणा के युवाओं ने रचा नया इतिहास

समर न्यूज़ | पंचकूला

हरियाणा के छात्रों ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए, कालका से कलेसर तक 153 किलोमीटर का ट्रैक 7 दिनों में पूरा करके नया इतिहास रच दिया है। यह ट्रैक हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसमें प्रमुख रूप से जे.सी. बोस विश्विद्यालय के मृदुल, रोहन ,प्रांजल ,समीर ,सर्वेश और एम.एल.एन. कॉलेज, यमुनानगर के विवेक , योगेश , कार्तिक , मोहित आशीष ने भाग लिया।

वन विभाग के संयुक्त सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। युवक कल्याण सयोंजक नरेंद्र सिंह ने इस ऐतिहासिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह 7 दिवसीय ट्रैकिंग कार्यक्रम हरियाणा सरकार द्वारा विशेष रूप से आयोजित किया गया था, जिसमें राज्यभर से छात्रों ने भाग लिया। यह राज्य में पहली बार था जब छात्रों ने इतनी लंबी दूरी तय की और उसे सफलता पूर्वक पूरा किया।




उन्होंने छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, "यह उपलब्धि न केवल छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि यह युवाओं की शक्ति, साहस और दृढ़ निश्चय का प्रतीक भी है। रेंज अधिकारी संजय ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वन विभाग ने पहले इस ट्रैक को चिन्हित किया था, लेकिन अब तक किसी भी छात्र दल ने इसे पूरा नहीं किया था। इस ट्रैक को छात्रों ने अपनी मेहनत, समर्पण से पूरा कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

यह न केवल हरियाणा राज्य के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह राज्य में युवा गतिविधियों और साहसिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उन्हें नेतृत्व, समर्पण और सामूहिक कार्य की अहमियत भी सिखाते हैं।

समर एक्सप्रेस
इन सभी क्षेत्रों में समर एक्सप्रेस अखबार को स्टिंगर की जरुरत है।
• लालड़ू • मोरनी • कुराली
• खरड़ • बरवाला • मुल्लांपुर
• पिंजौर • बनूड़ • मटौर
• कालका • रायपुररानी
SEND YOUR RESUME TO
infosummerexpress@gmail.com
Whats App:- 79866-30191

# अक्षय कुमार ने नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के साथ भेदभाव पर उठाया मुद्दा

## 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' पर ट्रिपलेट बहनों की कहानी

एजेंसी | नई दिल्ली



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार एक स्टार भी हैं, जिन्हें हर कोई देखना और सुनना पसंद करता है। अक्षय कई लोगों को प्रेरित करने में एक अहम भूमिका निभाते हैं।
अपने गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' पर हाल ही में अक्षय ने एक ऐसे मुद्दे को नेशनल टीवी पर पेश किया, जिसे अक्सर आम जनता नजरअंदाज कर देती है। अक्षय कुमार के शो के हालिया एपिसोड में तीन बहनें आईं, जो जन्म से ट्रिपलेट पैदा हुईं।
वो नॉर्थ-ईस्ट के असम से आती हैं, जो पिछले कुछ वक्त से मुंबई में रह रही हैं। अक्षय के शो पर तीनों बहनों ने काफी अच्छा खेल दिखाया। इस दौरान एक्टर और शो के होस्ट ने उनसे उनके बारे में कुछ सवाल किए। तीनों बहनों ने बताया कि उन्हें मुंबई शहर में आए काफी समय हो चुका है। वो वहां काफी सुरक्षित महसूस करती हैं। उन्हें मुंबई बाकी शहरों से काफी सुरक्षित लगता है। अक्षय ने ये बात सुनकर मुंबई पुलिस की तारीफ की। आगे तीनों में से एक बहन ने एक्टर के सामने अहम मुद्दा पेश किया। उन्होंने बताया कि चूंकि वो नॉर्थ-ईस्ट से हैं और उनकी शक्ल बाकी देशवासियों से काफी अलग दिखती है, इसलिए उन्हें मुंबई शहर में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। लोग उन्हें कोरोना वायरस और चाइनीज कहकर पुकारते हैं।
ट्रिपलेट्स की बात सुनकर अक्षय भी थोड़े नाखुश दिखे। उन्होंने कहा कि वो उनकी बातें पूरी तरह समझ सकते हैं। एक्टर ने बताया कि उनके साथ भी एक लड़का काम करता है, जो नॉर्थ-ईस्ट से है। अक्षय ने शो पर अपने साथ काम करने वाले किन को बुलाया, जो मणिपुर से है। किन ने बताया कि उन्हें भी अपने अलग दिखने की वजह से काफी भेदभाव का सामना करना पड़ता है।
वो कहते हैं कि उन्हें हर जगह ये कहा जाता है कि वो चीन से हैं, उन्हें चिंकी, मोमो, नेपाली जैसी बातें कही जाती हैं। किन ने आगे ये भी कहा कि उन्हें अच्छी तरह से हिंदी आती है और वो उसे अच्छे से बोलते भी हैं। लेकिन तब भी उन्हें रेसिज्म का सामना करना पड़ता है।

# द हंड्रेड-2026 की ऑक्शन में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के अनसोल्ड रहने की संभावना

एजेंसी | नई दिल्ली

आईपीएल-लिंक्ड फ्रेंचाइजीज में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के अनसोल्ड रहने की संभावना, राजनीति और क्रिकेट का टकराव फिर उभर सकता है। द हंड्रेड-2026 के ऑक्शन से पहले पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बार द हंड्रेड की नीलामी में पाकिस्तानी क्रिकेटरों के अनसोल्ड रहने की संभावना जताई जा रही है, खासकर उन फ्रेंचाइजीज में, जिनका संबंध इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) मालिकों से है। हाल ही में फ्रेंचाइजीज की हिस्सेदारी बिक्री के बाद चार टीमें मैनचेस्टर सुपर जायंट्स, एमआई लंदन, सदर्न ब्रेव और सनराइजर्स लीड्स कम से कम आंशिक रूप से आईपीएल



से जुड़े मालिकों के नियंत्रण में आ गई हैं। बताया जा रहा है कि ये चारों फ्रेंचाइजी टीमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर बोली नहीं लगाने वाली हैं।द हंड्रेड में खिलाड़ियों की नीलामी 11 मार्च (महिला) और 12 मार्च (पुरुष) को लंदन में आयोजित की जाएगी। लगभग 18 देशों के करीब 1000 खिलाड़ियों को ऑक्शन पूल में शामिल किया गया है, जिनमें पाकिस्तान के कई नामी खिलाड़ी भी हैं। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आईपीएल-लिंक्ड फ्रेंचाइजीज की रणनीति के चलते पाकिस्तानी खिलाड़ियों के लिए राह आसान नहीं दिख रही।इस स्थिति की पृष्ठभूमि भारत-पाकिस्तान के तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों से जुड़ी मानी जा रही है, 2008 के बाद से किसी भी पाकिस्तानी खिलाड़ी को आईपीएल में मौका नहीं मिला है। आईपीएल मालिकों का निवेश अब बड़ी-बड़ी टी20 लीगों तक फैल चुका है और वहां भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों की अनदेखी देखने को मिली है। ILT20 (इंटरनेशनल लीग टी20) में केवल अमेरिकी स्वामित्व वाली टीम डेजर्ट वाइपर्स ने पाकिस्तानी क्रिकेटरों को मौका दिया है।इस बीच इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट (ECB) के एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से कथित तौर पर एक प्लेयर एजेंट को अनौपचारिक रूप से यह संकेत दिया गया है कि आईपीएल-लिंक्ड फ्रेंचाइजीज पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर बोली नहीं लगाएंगी। हालांकि ईसीबी के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड ने पहले कहा था कि इंग्लैंड क्रिकेट में किसी भी देश के खिलाड़ियों के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया था कि भेदभाव विरोधी नीति का सख्ती से पालन किया जाएगा और उल्लंघन की स्थिति में नियामक कार्रवाई होगी। पिछले सीजन में मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम जैसे पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मेन्स हंड्रेड में हिस्सा लिया था। इससे पहले शाहीन शाह आफरीदी, शादाब खान और हारिस रऊफ भी इस लीग का हिस्सा रह चुके हैं।
हालांकि महिला वर्ग में अब तक किसी भी पाकिस्तानी खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है। अब सबकी नजरें 11 और 12 मार्च को होने वाली नीलामी पर टिकी है। यदि पाकिस्तानी खिलाड़ी वाकई अनसोल्ड रहते हैं, तो यह मामला क्रिकेट और राजनीति के टकराव की एक और बड़ी मिसाल बन सकता है।

# अलीगढ़ में ऊंट पर बैठकर दुल्हन की धमाकेदार एंट्री



एजेंसी | अलीगढ़

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में ऊंट पर बैठकर दुल्हन की एंट्री का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। शायद यह पहला मौका है जब किसी दुल्हन ने ऊंट पर सवार होकर वरमाला की रस्म निभाई है। 14 फरवरी को हुई इस शादी का वीडियो अब सामने आया है।
शादियों में अक्सर दुल्हन की एंट्री डोली, लग्जरी कार या पालकी के साथ करते देखा होगा, लेकिन इस शादी में दुल्हन की एंट्री ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। यहां शादी का जोड़ा पहनी दुल्हन राजस्थान के शाही अंदाज में ऊंट पर सवार होकर विवाह समारोह तक पहुंची। वहां मौजूद बारातियों में दुल्हन का तालियों के साथ स्वागत किया।तलाशमपुर में स्थित मदन पैलेस में 14 फरवरी की रात को शंकर लाल सैनी की बेटी मिताली की शादी थी।

# हेल्दी और स्वादिष्ट खाना है, फटाफट बना लो मूंग दाल पनीर चीला

समर न्यूज | लुधियाना

रविवार का दिन सुकून भरा फैमिली टाइम होता है, जब कुछ चटपटा, लेकिन हेल्दी खाने का मन करता है। ऐसे में प्रगति वाजपेई की मूंग दाल पनीर चीला रेसिपी संडे के लिए परफेक्ट है। प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर यह नाश्ता न केवल स्वाद में लाजवाब है, बल्कि फटाफट तैयार भी हो जाता है।
संडे का मतलब है ढेर सारी मस्ती और परिवार के साथ खास वक्त बिताना होता है। अक्सर छुट्टी वाले दिन कुछ ऐसा बनाना चाहते हैं जो बनाने में आसान हो, लेकिन स्वाद में किसी रेस्टोरेंट से कम न हो। ऐसे में प्रगति वाजपेई की मूंग दाल पनीर चीला की रेसिपी आपके संडे ब्रेकफास्ट को स्पेशल बना सकती है। हरी धनिया की ताजगी, सफेद तिल का क्रंच और ढेर सारे पनीर की गुडनेस से भरपूर चीला बच्चों के



लिए जितना मजेदार है, बड़ों के लिए उतना ही पौष्टिक भी है। जब पूरा परिवार डाइनिंग टेबल पर एक साथ हो, तो यह गरमा-गरम चीला आपके संडे की शुरुआत को खुशनुमा बना देगा। कम तेल में तैयार होने वाला हाई-प्रोटीन नाश्ता छुट्टी को स्वाद और सेहत का परफेक्ट कॉम्बो बनाता है।

**क्यों हेल्दी है यह चीला**

मूंग दाल और पनीर होने से यह प्रोटीन भंडार है।
यह हल्का नाश्ता पेट के लिए अच्छा है, जल्दी पच जाता है।
हरी सब्जियां और दाल पाचन तंत्र को हेल्दी रखती हैं।
सफेद तिल और पनीर से भरपूर कैल्शियम मिलता है।
बहुत कम तेल में बन जाने से कम कैलोरी के लिए अच्छा ऑप्शन है।

**▪ दाल का पेस्ट और खास फ्लेवर**

सबसे पहले मूंग दाल को अच्छी तरह धोकर 2-3 घंटे के लिए भिगो दें। अब इसे मिक्सर जार में डालें और साथ में 2 चम्मच ताजी हरी धनिया और एक हरी मिर्च मिलाएं। धनिया दाल को एक फ्रेश खुशबू और सुंदर हरा रंग देता है। इसे बहुत कम पानी के साथ पीसकर एक चिकना पेस्ट तैयार कर लें।

**▪ बाइंडिंग के लिए बेसन का उपयोग**

पिसी हुई दाल को एक बड़े बाउल में निकालें। अब इसमें एक चम्मच बेसन और स्वादानुसार नमक मिलाएं। प्रगति वाजपेई के अनुसार, बेसन डालने से बैटर को अच्छी बाइंडिंग मिलती है और चीला तवे पर टूटता नहीं है। इस मिश्रण को 2-3 मिनट तक अच्छी तरह फेंटें ताकि यह थोड़ा हल्का और फ्लफी हो जाए।



**▪ जालीदार बनाने का तरीका** - चीले को बाजार जैसा सॉफ्ट और जालीदार बनाने के लिए इसमें आधा चम्मच ईनो मिलाएं। ध्यान रहे कि ईनो तभी डालना है जब आप चीला बनाने के लिए बिल्कुल तैयार हों। ईनो डालने के बाद मिश्रण को हल्के हाथों से एक ही डायरेक्शन में चलाएं। इससे बैटर फूल जाएगा, जिससे चीला अंदर से नरम और बाहर से कुरकुरा बनेगा।

**▪ तिल और सब्जियों की टॉपिंग**

एक नॉन-स्टिक पैन गर्म करें और उसे बहुत कम तेल से चिकना कर लें। अब एक बड़ा चम्मच बैटर पैन के बीच में डालें और उसे थोड़ा फैलाएं। इसके ऊपर एक छोटा चम्मच सफेद तिल छिड़कें। तिल न केवल चीले को क्रंची बनाते हैं, बल्कि इसमें कैल्शियम की मात्रा भी बढ़ाते हैं। इसके तुरंत बाद बारीक कटा हुआ प्याज और टमाटर ऊपर से डालें।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 : भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत कब

एजेंसी | नई दिल्ली

सुपर-8 के ग्रुप फेज़ के बाद सेमीफाइनल और फाइनल में संभावित मुकाबलों की पूरी जानकारी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अब लीग मुकाबले लगभग खत्म हो चुके हैं। आज (20 सतिंबर) ओमान और ऑस्ट्रेलिया के बीच आखरी लीग मुकाबला है। लेकिन इस मुकाबले का कोई महत्व नहीं हैं। क्योंकि ये दोनों टीमें सुपर-8 की रेस से बाहर हैं। वहीं सुपर-8 की टॉप 8 टीमें तय हो चुकी है। ये 8 टीमें 4-4 के ग्रुप में बांटी गईं हैं, जो एक-दूसरे से 3-3 मुकाबले खेलेंगी।
सुपर-8 के ग्रुप 1 में भारत, जिम्बाब्वे, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका हैं। वहीं ग्रुप 2 में पाकिस्तान, श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड हैं। अब सवाल है कि टी20 वर्ल्ड कप में दो चरि प्रतिद्वंदी भारत और पाकिस्तान की भड़िंत अब कब हो सकती है। सुपर-8 में तो दोनों देश एक-दूसरे से नहीं



खेलेंगे, क्योंकि यहां दोनों अलग-अलग ग्रुप में हैं। पहला सवाल ये है कि क्या भारत और पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। जबकि दूसरा सवाल है क्या दोनों पड़ोसी भारत- पाकिस्तान से टी20 वर्ल्ड कप में फाइनल में मुलाकात हो सकती है? आइए अब इन दोनों ही सवालों के जवाब जान लेते हैं। टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत vs पाकिस्तान होगा? तो इसका जवाब है, हां यह संभव है, लेकिन कुछ शर्तों के साथ। सेमीफाइनल दो हैं। पहला सेमीफाइनल 4 मार्च 2026 (कोलंबो या कोलकाता) में होगा। वहीं, दूसरा सेमीफाइनलः 5 मार्च 2026 (मुंबई) में खेला जाना है। दोनों टीमें अपने-अपने ग्रुप से टॉप-2 में आ जाएं (यानी सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करें) और एक टीम अपने ग्रुप में टॉप हो और अन्य दूसरे पोजीशन पर हो। ऐसे में क्रॉस-ओवर मैच में भारत vs पाकिस्तान सेमीफाइनल में हो सकता है। खासकर अगर पाकिस्तान क्वालिफाई करता है तो उनका सेमीफाइनल कोलंबो में होगा।
सवाल है कि टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत vs पाकिस्तान होगा? इसका जवाब है कि ये भी संभव है, कैसे तो वो समझ लें, फाइनल 8 मार्च 2026 (अहमदाबाद या कोलंबो) में होना है, अगर दोनों टीमें सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में पहुंच जाएं तो भारत vs पाकिस्तान फाइनल में हो सकता है। अगर पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल कोलंबो में होगा, वरना अहमदाबाद में यह तय है। अभी 21 फरवरी से सुपर 8 की रेस शुरू है। जहां दोनों टीमों को पहले सेमीफाइनल तक पहुंचना होगा, क्योंकि फैन्स भारत vs पाकिस्तान की एक और भड़िंत तो चाहते ही हैं।

# पाकिस्तान हॉकी विवादः कप्तान अम्माद बट पर लगाया गया बैन रद्द

एजेंसी | नई दिल्ली

पाकिस्तान हॉकी में बड़ा विवाद सामने आया था। टीम के कप्तान अम्माद शकील बट को पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (PHF) ने दो साल के लिए बैन कर दिया था। यह प्रतिबंध तारिक बुगती ने लगाया था , जिन्होंने इस फैसले के तुरंत बाद पीएचएफ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।
अब पीएचएफ के अंतरिम अध्यक्ष मुहयदीन अहमद वानी ने हस्तक्षेप करते हुए प्रतिबंध को रद्द कर दिया और कहा कि यह कदम संवैधानिक रूप से सही नहीं है। यह मामला ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान सामने आया, जहां टीम को मैदान के अंदर प्रदर्शन और मैदान के बाहर अव्यवस्था, दोनों से जूझना पड़ा। पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी से हार मिली।



लेकिन असली चर्चा खिलाड़ियों द्वारा झेली गई कथित बदइंतजामी को लेकर रही। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम होबार्ट रवाना होने से पहले करीब 12-15 घंटे तक सिडनी एयरपोर्ट पर फंसी रही।
होटल बुकिंग रद्द होने के कारण खिलाड़ियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और उन्हें अस्थायी इंतजामों में समय बिताना पड़ा। लाहौर लौटने के बाद अम्माद बट ने फेडरेशन पर तीखा हमला बोला। उनका दावा था कि ऑस्ट्रेलिया दौरे में खिलाड़ियों को किचन साफ करने और बर्तन धोने तक के लिए मजबूर किया गया।उन्होंने कहा कि टीम द्वारा भेजे गए वीडियो असली थे, लेकिन बाद में दबाव बनाकर स्थिति सामान्य दिखाने की कोशिश कराई गई। फेडरेशन ने इन आरोपों को अनुशासनहीनता मानते हुए कप्तान को दो साल के लिए बैन कर दिया। PHF का कहना था कि सार्वजनिक रूप से बोर्ड पर आरोप लगाने से संस्थान की छवि को नुकसान पहुंचा। मामले ने तूल पकड़ा तो PHF के अध्यक्ष तारिक बुगती ने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि अर्जेंटीना दौरे से जुड़े होटल भुगतान में देरी Pakistan Sports Board की ओर से हुई थी, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। बुगती ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अपील की कि पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई जाए, ताकि मिसमैनेजमेंट की सच्चाई सामने आ सके।

# जली हुई शर्ट को बनाया हाई-फैशन स्टेटमेंट

## फैशन का नया ट्रेंड

समर न्यूज | नई दिल्ली

फैशन की दुनिया हर दिन कुछ नया दिखाती है, लेकिन इस बार जो सामने आया है, उसने लोगों को हैरान भी किया और हंसने पर भी मजबूर कर दिया। स्विस-फ्रेंच लग्ज़री ब्रांड Vetements ने एक ऐसी शर्ट लॉन्च की है, जिसे देखकर किसी को भी लगेगा कि यह गलती से इस्त्री में जल गई है। मगर आश्चर्य यह है कि यही 'जला हुआ निशान' इस शर्ट की सबसे खास बात है।
ब्रांड ने इसे White Ironing Burn Graphic Shirt नाम से लिस्ट किया है। यह शर्ट ओवरसाइज़ स्टाइल में बनाई गई है और इसके छाती वाले हिस्से पर एक प्रिंटेड ग्राफिक है, जो बिल्कुल वैसा दिखता है जैसे कपड़ा इस्त्री में ज्यादा देर तक दबा रह जाने पर जल जाता है। देखने में यह बिल्कुल आम गलती जैसा लगता है, लेकिन ब्रांड ने इसे हाई-फैशन स्टेटमेंट पीस बताया है। हालांकि,



असली चर्चा इसकी कीमत को लेकर हो रही है। इस 'जली हुई शर्ट' को 1,139 डॉलर, यानी लगभग 1 लाख रुपये में बेचा जा रहा है। कीमत सामने आते ही सोशल मीडिया पर बाढ़ की तरह रिएक्शन आने लगे।
कई यूजर्स ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि उनके घर में ऐसी डिजाइन उनकी मां या पत्नी ने अनजाने में कई बार बना दी है वह भी बिल्कुल मुफ्त में। एक यूजर ने लिखा कि लगता है मेरी धुलाई का ढेर असल में हाई-फैशन का खजाना है। वहीं किसी का कहना ये क्या मजाक है। कुछ ने तंज कसते हुए कहा कि अगर जली हुई शर्ट भी फैशन है, तो शायद फैशन इंडस्ट्री के पास अब आइडिया खत्म हो रहे हैं। वहीं कुछ ने इसे ब्रांड की 'इरॉनिक फैशन' स्ट्रैटेजी बताया, जहां जानबूझकर इम्परफेक्शन को डिजाइन का हिस्सा बनाया जाता है। फैशन इंडस्ट्री में डिस्टर्ड स्नीकर्स, फटी हुई जीन्स और पेंट-स्प्लैटर जैकेट्स जैसे आइटम पहले भी चर्चा में रहे हैं, लेकिन 'जले हुए निशान' जैसा प्रिंट कई लोगों को कॉन्सेप्ट से ज्यादा मजाक जैसा लग रहा है।

# शिखर धवन की शादी की पहली फोटो आई सामने

## सफेद लहंगे में मॉडर्न दुल्हन बनीं सोफी, सोफी शाइन फ्लोरल लहंगे में दुल्हन बनकर बेहद खूबसूरत लगीं

एजेंसी | नई दिल्ली

शिखर धवन ने विदेशी मंगेतर के साथ शादी कर ली है। दोनों के प्री-वेडिंग फंक्शन्स की फोटोज अभी तक सबका ध्यान खींच रही थीं, तो अब उनके वेडिंग लुक्स पर नजरें अटक गईं। खासकर, सोफी शाइन फ्लोरल लहंगे में दुल्हन बनकर बेहद खूबसूरत लगीं।
शिखर धवन और सोफी शाइन शादी के बंधन में बंध गए। दोनों की शादी की पहली फोटो सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और हर कोई विदेशी हसीना का मॉडर्न ब्राइडल लुक देखता रह गया। और, भला देखता भी क्यों न, सोफी ने ट्रेंड का चक्कर छोड़कर सफेद लहंगे में एकदम हटके लुक जो लिया है। जिसमें दूल्हे राजा उन्हें देखते रह गए, तो वह 2026 की ब्राइड्स के लिए नए फैशन गोल्स सेट करके उन्हें टिप्स दे गईं।
दरअसल, युजवेंद्र चहल ने शिखर और सोफी की शादी की फोटो शेयर की। जिसमें दोनों का ट्विनिंग वाला अंदाज कमाल का लगा, तो जैसे ही वरमाला का वीडियो सामने आया तो वो भी वायरल हो गया। कपल का वेडिंग लुक सबको इंप्रेस कर रहा है, खासकर दुल्हनिया का। तो, चलिए फिर उनके लुक की डिटेल्स जानते हैं। सोफी के वेडिंग लुक्स हर फंक्शन में स्टनिंग लगे, तो अब शादी के लिए उन्होंने एकदम हटके लुक चूज करके रॉयल और एथरियल ब्राइड का परफेक्ट मिक्स दिखाया। जहां लहंगे पर हुआ फ्लोरल पैटर्न और ब्लाउज पर की लेस डिटेलिंग उनके लुक को ट्रेडिशनल के साथ ही मॉडर्न ब्राइड वाली फील दे रही हैं। जिसे बेहद खूबसूरती और ग्रेस के साथ कैरी करके दुल्हनिया ने दिल जीत लिया।

**लहंगे का फ्लोरल पैटर्न लगा शानदार** - सोफी ने अपने स्पेशल डे के लिए वाइट और ऑफ वाइट बेस वाला लहंगा पिक किया। जिस पर ऑरेंज और पीच के साथ ग्रीन



डिटेलिंग देकर फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी की गई। जिसे वेस्ट पर हाइलाइट किया और फिर कलियों में कुछ-कुछ दूरी पर फ्लोरल मोटिफ्स बनाए, जो खूबसूरत लगे। वहीं, सेक्विन से लहंगे में चमक जोड़ी। कुल मिलाकर 3डी फ्लावर मोटिफ्स और हैवी थ्रेड वर्क लहंगे को रिच लुक दे रहा है, तो चौड़ा एम्ब्रॉयडेड बॉर्डर इसे ग्रैंड फिनिश दे गया। जिसकी कैन- कैन को भी ओवर हैवी न रखकर सुंदर-सा फ्लो दिया।

**ब्लाउज है बड़ा क्लासी** - सोफी के लुक की हाइलाइट उनका ब्लाउज बना। जिसका डिजाइन और पैटर्न काफी हटके है। फुल स्लीव्स को शीयर लेस डिटेलिंग के साथ बनाया, तो चोली के फ्रंट को वाइट पर्ल्स से सजाया। जिससे इसे हैवी लुक मिला, तो बॉर्डर पर दिया लटकन जैसा डिजाइन इसकी ब्यूटी को और बढ़ा गया। जहां स्ट्रक्चर्ड फिट ब्लाउज फ्लोरल लहंगे के साथ परफेक्टली ट्यून कर गया।
अब दुपट्टे पर ध्यान दें, तो सोफी ने ज्यादातर इंडियन ब्राइड्स की तरह दो दुपट्टे स्टाइल न करके एक ही दुपट्टा कैरी किया और उसे वेल की तरह अपने सिर पर पिनअप किया। जिसका नेट फैब्रिक है, तो बॉर्डर पर नाजुक कढ़ाई की गई है। जिसके जरिए हसीना वाइट वेडिंग वाले लुक की झलक अपने इस देसी ब्राइडल लुक में भी ले आईं, जो कमाल की लगी।
लुक को फाइनल टच देने के लिए सोफी ने हीरे- पन्ने की जूलरी सिलेक्ट की, जो लुक में शाइन के साथ ही कंट्रास्ट ऐड कर गई। जहां उनका स्टेटमेंट नेकपीस, इयररिंग्स, मांग टीका, हाथ फूल और कंगन वाला अंदाज प्यारा लगा। मेहंदी वाले हाथों में दुल्हनिया के चूड़े को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है, जो उनके लुक को ट्रेडिशनल टच दे गया। आखिर में अपने बालों को हमेशा की तरह साइड पार्टीशन के साथ सोफी ने सॉफ्ट कर्ल करके ओपन रखा, तो सॉफ्ट मेकअप फीचर्स को निखार गए। तभी तो सोफी का अंदाज सिर से पैर तक परफेक्ट लगा।
अब शिखर के लुक की बात करें, तो दूल्हे राजा ने अपनी दुल्हनिया के लुक को कॉम्प्लिमेंट करते हुए सेम कलर की शेरवानी पहनी। जिस पर सिल्वर एम्ब्रॉयडरी की गई है, तो साथ में प्लेन वाइट पैंट्स और शेरवानी जैसे पैटर्न वाला प्लीटेड शॉल लुक को शाही फील दे गया। जिसे उन्होंने मैचिंग पग और पन्ने के लेयर्ड नेकपीस के साथ फिनिशिंग टच दिया।

# समर टी-20 टूर्नामेंट: समर न्यूज और एडवोकेट टीम के मैच का दूसरा हॉफ रहा रोमांचक











# ईएसआईसी के स्थापना दिवस पर संडे ऑन साइकिल का आयोजन

समर न्यूज | लुधियाना



कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 22 फरवरी 2026 को Fit India Movement के तहत ईएसआईसी द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र, लुधियाना के साथ मिलकर “Sundays On Cycle” का आयोजन रखबाग पार्क, लुधियाना में किया गया।

यह कार्यक्रम श्री प्राणेश कुमार सिन्हा, संयुक्त निदेशक (प्रभारी), ईएसआईसी उप-क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें प्रोफेसर (डॉ.) इंदर पंवार, डीन एवं डॉ. अपराजिता सोफिया डी'सूजा, चिकित्सा अधीक्षक, ईएसआईसी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल, लुधियाना की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र, लुधियाना के सहायक निदेशक श्री पुष्कर सिंह तथा श्री बलविंदर सिंह द्वारा भी कार्यक्रम के आयोजन में विशेष योगदान दिया गया। प्राणेश कुमार सिन्हा, संयुक्त निदेशक (प्रभारी) ने अपने संबोधन में कहा कि ESIC के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा सामाजिक सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में समर्पण एवं सेवा का प्रतीक रही है। उन्होंने सभी से फिट इंडिया अभियान को अपनाते हुए स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रोफेसर (डॉ.) इंदर पंवार, डीन, ईएसआईसी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल, लुधियाना ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर ही हम समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। डॉ. अपराजिता सोफिया डी'सूजा, चिकित्सा अधीक्षक, आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल ने सभी प्रतिभागियों को नियमित व्यायाम, योग एवं संतुलित आहार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में उप-क्षेत्रीय कार्यालय से पंकज कुमार, सतीश कुमार, अजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार बंग्लिया तथा विक्रम आदित्य, अन्य सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं 50 से अधिक कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में साइक्लिंग के साथ-साथ योग एवं अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। ईएसआईसी द्वारा स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत दिनांक 24.02.2026 से 10.03.2026 तक विभिन्न स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता कार्यक्रम एवं जनसंपर्क गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी।

## विधायक मदन लाल बग्गा को जन्मदिन बधाई दी



लक्की मेहता, लुधियाना। विधायक नॉर्थ चौधरी मदन लाल बग्गा के जन्मदिन के अवसर पर सब्ज़ी मंडी आढ़ती एसोसिएशन द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर एसोसिएशन के बहादुर के रोड स्थित सब्ज़ी मंडी के चेयरमैन विकास कुमार विक्की, जनरल सेक्रेटरी गुरप्रीत सिंह गोनू, अमन एवं पार्षद नीरज आहूजा ने विधायक के साथ केक काटा तथा फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाइयां दीं।

### भाजपा प्रदेश कार्यकारी प्रधान अश्वनी शर्मा, शहर के कई विधायकों, मेयर, पार्षदों व उच्च अधिकारियों ने शोकग्रस्त परिवार के साथ किया दुख प्रगट

# दिवंगत जसबीर सिंह जस्सा की अंतिम अरदास में पहुंचे हजारों लोगों ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज



















भाजपा पार्षद गौरवजीत सिंह गोरा और पार्षद सिमरनजीत सिंह सिम्मू के पिता पूर्व पार्षद जसबीर सिंह जस्सा का बीते 19 फरवरी वीरवार की सुबह अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु चरणो में लीन हो गये थे। रविवार को उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब का भोग व उनकी अंतिम अरदास तथा श्रद्धांजलि सभा हरगोबिंद नगर,में संपन हुई।उनकी अंतिम अरदास व श्रद्धांजलि सभा में शहर की विभिन्न राजनीतिक, धार्मिक समाजिक, व्यापारिक संस्था प्रतिनिधि सहित उच्च अधिकारियों ने स्वर्गीय सरदार जसबीर सिंह जस्सा के चित्र पर पुष्प भेंट कर अपनी भावभीनी श्रधांजलि भेंट कर श्रद्धासुमन अर्पित किया,और शोक ग्रस्त परिवार के सदस्यों के साथ अपनी संवेदना प्रकट की।

अंतिम अरदास में श्री अखंड पाठ जी के भोग के दौरान विशेष तौर पर आए कीर्तनी जत्थे के भाई अमनदीप सिंह जी माता कोला जी भलाई केंद्र ट्रस्ट अमृतसर ने शब्द कीर्तन गायन कर पंडाल में बैठे सभी को गुरबानी से जोड़ा और प्रवचन कर कहा कि आत्मा अजर,अमर है मृत्यु केवल शरीर की होती है जिस प्रकार मनुष्य कपड़े पुराने होने के बाद बदलता है उसी प्रकार आत्मा भी एक शरीर को छोड़ दूसरे शरीर में चली जाती है। मनुष्य को चाहिये की वो 84 लाख योनियो के बाद मिली इस मानुष जीवन में सदैव अच्छे कर्म करे ताकि वो जन्म मृत्यु के इस इस चक्र से मुक्त हो सके। इस दौरान पार्षद गौरवपूर्ण सिंह गोरा और पार्षद सिमरनजीत सिंह को गुरुद्वारा सिंह सभा हर गोबिंद नगर की तरफ़ से सिर पर पगड़ी रख सिरोपा पहनाया दिवंगत जसबीर सिंह जस्सा शांत स्वभाव समाजिक,राजनीतिक,उच्च धार्मिक विचारो वाली सर्वगुणी प्रतिभा से सम्पूर्ण व्यक्ति थे और उनके उच्च व धार्मिक विचार हमेशा परिवार के लिये प्रेरणादायक रहे।परिवार में उनकी प्रेरणा के कारण आज उनके परिवार की धार्मिक,राजनीतिक,समाजिक क्षेत्र में अलग पहचान है जो कि भाजपा पार्षद गौरवजीत सिंह गोरा, पार्षद सिमरनजीत सिंह सिम्मू को देख कर पता चलता है स्वर्गीय जसबीर सिंह जस्सा अपने पीछे पत्नी परविंदर कौर जस्सा,दो पुत्र गौरवपूर्ण सिंह गोरा, सिमरनजीत सिंह सिम्मू,तीन बेटिया तरनप्रीत कौर, मनप्रीत कौर, रजनी खुराना, बहू किरण कौर गोरा, पार्षद भवनीत कौर सिम्मू, पोता युवराज सिंह, पोती गुरनायत कौर, गुरनूर कौर, दिव्य नूर कौर सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये है। उनकी श्रद्धांजलि सभा में शहर के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक उद्यौगिक संस्थायो के प्रतिनिधियों ने परिवार के साथ शोक व्यक्त कर उनके चित्र पर पुष्प चढ़ा अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी प्रधान अश्वनी शर्मा, एमएलए पप्पी, एमएलए दलजीत ग्रेवाल भोला, मेयर इंद्रजीत कौर,एमएलए कुलवंत सिद्धू, भाजपा प्रदेश महासचिव जतिंदर मित्तल, भाजपा प्रदेश कैशियर गुरदेव शर्मा देबी, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश प्राशर पप्पी, पूर्व मेयर हरचरण सिंह गोहलवाड़िया, पंजाब के ब्राह्मण बोर्ड पंकज शारदा, पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस, अमित गोसाई, कमल चेटली, पार्षद हैप्पी शेरपुरिया, पार्षद करण नन्नचल, पार्षद सुनील मोदगिल, पार्षद पूनम रत्तड़ा, पार्षद अश्वनी गोभी, पार्षद अरुण कुमार, कांग्रेस नेता सुशील कपूर लक्की, पार्षद अनिल भारद्वाज, पार्षद अश्वनी शर्मा गोबी, जोनल कमिश्नर नीरज जैन, जतिंदर गोरयन, करनैल सिंह, संदीप सिंह, विनीत बहल, मुकेश बांसल, मुहम्मद मस्तकीन, सहित हजारो की संख्या में उनकी अंतिम अरदास व भोग में शामिल हो उन्हें अश्रुपूर्ण भावभीनी श्रद्धांजलि भेंट की।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 169